# अपने फोन को जानें




*फिलिप्स लगातार अपने उत्पादों में सुधार करने का प्रयास करता रहता है। अतः, फिलिप्स के पास इस उपयोगकर्ता निर्देशिका के पुर्नावलोकन या इसे किसी भी समय बिना किसी सूचना के वापिस लेने का अधिकार सुरक्षित है। फिलिप्स यह उपयोगकर्ता निर्देशिका "वर्तमान रूप" में प्रदान करती है और, लागू कानून की आवश्यकता के अतिरिक्त, कोई त्रुटि, चूक या इस उपयोगकर्ता निर्देशिका और वर्णित उत्पाद के बीच कोई विसंगति स्वीकार नहीं करती। यह उपकरण जीएसएम/जीपीआरएस नेटवर्क्स से जोड़े जाने के लिए है।*

## किस प्रकार ...

| | |
|---|---|
| **फोन चालू/बंद करें** | को देर तक दबाएँ। |
| **फोनबुक में नंबर रक्षित करें** | फोन नंबर प्रविष्ट करें और दबाएँ और *जमा नंबर* का चयन करें। |
| **कॉल करें** | कुन्जीपटल द्वारा फोन नंबर प्रविष्ट करें और डायल करने के लिए दबाएँ। |
| **कॉल का उत्तर दें** | फोन बजने पर दबाएँ। |
| **कॉल समाप्त करें** | दबाएँ। |
| **कॉल अस्वीकार करें** | फोन बजने पर दबाएँ। |
| **ईयरपीस की ध्वनि समायोजित करें** | कॉल के दौरान ▲ या ▼ दबाएँ। |
| *फोनबुक* **एक्सेस करें** | निष्क्रिय अवस्था में ▼ दबाएँ। |
| **मुख्य मीनू एक्सेस करें** | निष्क्रिय अवस्था में दबाएँ। |
| **मौन मोड में बदलने के लिए** | मौन मोड और व्यक्तिगत मोड के बीच बदलने के लिए निष्क्रिय अवस्था में ▲ कुन्जी को देर तक दबाएँ। |
| **पिछले मीनू में वापिस जाएँ** | दबाएँ। |
| **तीव्रता से निष्क्रिय अवस्था में वापिस जाएँ** | दबाएँ। |

# बाईं/दाईं कुन्जी

स्क्रीन के निचले भाग में प्रदर्शित क्रिया को करने के लिए कुन्जीपटल के ऊपरी भाग में स्थित बाईं और दाईं सॉफ्टकुन्जियाँ OK और C दबाएँ।

# विषय-सूची


1. शुरुआत .................... 4
    - सिम कार्ड डालना .................... 4
    - फोन चालू करना .................... 5
    - बैटरी चार्ज करना .................... 6
2. कॉल करना .................... 7
    - कॉल करना .................... 7
    - फोनबुक उपयोग करना .................... 7
    - आपातकालीन कॉल करना .................... 7
    - कॉल का उत्तर देना और समाप्त करना .................... 7
    - कॉल के दौरान विकल्प .................... 7
    - ईयरपीस की ध्वनि समायोजित करना .................... 8
    - एक से अधिक कॉलें करना .................... 8
3. पाठ्य एवं संख्या प्रविष्टि .................... 9
    - इनपुट विधि .................... 9
    - फंक्शन कुन्जियाँ .................... 9
    - मल्टीटैप ।ठब्ध।इबध्ंइब इनपुट .................... 9
    - ज्ञ्हो  पाठ्य इनपुट .................... 10
    - अंकीय इनपुट .................... 11
    - चिन्ह इनपुट .................... 12
4. संदेश .................... 13
    - एसएमएस .................... 13
    - एसएमएस प्रसारण .................... 14
    - सेटिंग्स .................... 14
5. सेटिंग्स .................... 16
    - समय एवं तिथि .................... 16
    - भाषा .................... 16
    - हॉटकुन्जियाँ .................... 16
    - सुरक्षा .................... 16
    - नेटवर्क सेटिंग्स .................... 17
    - ध्वनियाँ .................... 17
    - प्रदर्शन .................... 18
6. खेल एवं अनुप्रयोग .................... 19
    - खेल .................... 19
    - अलार्म घड़ी .................... 19
    - कैल्कुलेटर .................... 20
7. कॉल सूचना .................... 21
    - कॉल गणक .................... 21
    - सेटिंग्स .................... 21
    - कॉल सूची .................... 22
8. मल्टीमीडिया .................... 23
    - एफएम रेडियो .................... 23
    - ध्वनियाँ .................... 24
    - मेमोरी की स्थिति .................... 24
    - एमपी३ .................... 24
    - चित्र .................... 24

9. एसटीके ........ 25
एसटीके ........ 25
10. सम्पर्क ........ 26
सेटिंग्स ........ 26
फोनबुक में सम्पर्क खोजना ........ 26
नए सम्पर्क बनाना ........ 27
सम्पर्क प्रबंधित करना ........ 27
चित्र एवं चिन्ह ........ 28
सावधानियाँ ........ 29
दोष-निवारण ........ 33
फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण ........ 34
ट्रेडमार्क घोषणा ........ 35
विशिष्ट अवशोषण दर जानकारी ........ 36
सीमित वारंटी ........ 37
अनुरूपता कथन ........ 39

# I. शुरुआत

*अपने फोन का उपयोग करने से पहले कृपया "सावधानियाँ" भाग में सुरक्षा निर्देश पढ़ें।*

अपने फोन का उपयोग करने के लिए, आपको अपने नेटवर्क प्रदाता या विक्रेता द्वारा प्रदान किया गया मान्य सिम कार्ड डालना होगा। सिम कार्ड में आपकी सदस्यता जानकारी, आपका मोबाइल फोन नंबर और मेमोरी शामिल होती है जिसमें आप फोन नंबर और संदेश रक्षित कर सकते हैं।

## सिम कार्ड डालना

अपना नया सिम कार्ड डालने के लिए नीचे दिए गए चरणों का पालन करें। बैटरी निकालने से पहले अपने मोबाइल फोन को बंद करना याद रखें।

### *पिछला कवर हटाना*

सिम कार्ड डालने के लिए, आपको पहले पिछला कवर हटाना होगा। पिछले कवर को अपने अंगूठे से दबाएँ और कवर को नीचे की ओर (1) खिसकाएँ। फिर नीचे दर्शाए गए ढंग (2) के अनुसार बैटरी के भाग का आवरण ऊपर उठाएँ।





### *बैटरी निकालना*

बैटरी निकालने के लिए, नीचे दर्शाए गए ढंग के अनुसार बैटरी को उसके ऊपरी भाग से उठाएँ।




## *सिम कार्ड डालना*

यह सुनिश्चित करें कि कार्ड का कटा हुआ कोना सही ओर हो और सुनहरे सम्पर्क नीचे की ओर हो। सिम को उसके रुकने तक सिम कार्ड स्थान में खिसकाएँ।




## *बैटरी बदलना*

सुनहरे सम्पर्कों को नीचे की ओर रखते हुए बैटरी को, उसके रुकने तक, वापिस उसके स्थान में खिसकाएँ। फिर नीचे की ओर दबाते हुए लॉक करें।



## *पिछला कवर पुनः लगाना*

पिछले कवर को, उसके रुकने तक, उसे उसके स्थान में ऊपर की ओर खिसकाते हुए पुनः लगाएँ।

फोन का उपयोग करने से पहले उसकी स्क्रीन पर लगी सुरक्षात्मक फिल्म हटाएँ।




# फोन चालू करना

फोन चालू करने के लिए, कुन्जी को देर तक दबाएँ। आवश्यकता पड़ने पर पिन कोड प्रविष्ट करें। यह पूर्वसंरूपित होता है और आपके नेटवर्क ऑपरेटर या विक्रेता द्वारा आपको प्रदान किया जाता है। पिन कोड के बारे में अधिक जानकारी के लिए, "सुरक्षा" देखें।

*यदि आप 3 लगातार बार गलत पिन कोड डालते हैं, तो आपका सिम कार्ड अवरुद्ध हो जाएगा। उसका अवरोधन हटाने के लिए, आपको अपने नेटवर्क ऑपरेटर से पीयूके कोड प्राप्त करना होगा।*

# बैटरी चार्ज करना

आपके फोन को एक पुनः चार्ज करने योग्य बैटरी द्वारा ऊर्जा प्रदान की जाती है। एक नई बैटरी आंशिक रूप से चार्ज होती है और बैटरी का स्तर कम होने पर एक ध्वनि सतर्क आपको चेतावनी देगा। बैटरी स्थापित करने के बाद, आप फोन को चार्ज करना आरंभ कर सकते हैं।

नीचे दर्शाए गए तरीके के अनुसार चार्जर का कनेक्टर लगाएँ। फिर दूसरे सिरे को एसी पॉवर सॉकेट से जोड़ें।




बैटरी का चिन्ह चार्ज की स्थिति चार्ज की स्थिति दर्शाता है। चार्जिंग के दौरान, चार्ज संकेतक स्क्रॉल करेंगे। बैटरी को पूर्णतः चार्ज करने के लिए लगभग 3 घंटे लगेंगे। सभी स्क्रॉल बार स्थिर होने पर, बैटरी पूर्णतः चार्ज हो जाएगी। फिर आप चार्जर का संपर्क हटा सकते हैं।

नेटवर्क और उपयोग की स्थिति पर निर्भर करते हुए, बातचीत का समय और स्टैंडबाई का समय क्रमशः 8 घंटे और 750 घंटों तक हो सकता है।

बैटरी पूर्णतः चार्ज होने पर चार्जर को मोबाइल फोन से लगाए रखने से बैटरी को कोई हानि नहीं होगी।

चार्जर को बंद करने का एकमात्र तरीका उसे हटाना है, अतः आसान पहुँच वाले किसी एसी पॉवर सॉकेट का उपयोग करें। आप चार्जर का संपर्क किसी आईटी संबंधी आपूर्ति से जोड़ सकते हैं।

# 2. कॉल करना

## कॉल करना

### *निष्क्रिय स्क्रीन से*

1. निष्क्रिय अवस्था में, कुन्जीपटल द्वारा फोन नम्बर प्रविष्ट करें। कोई त्रुटि सही करने के लिए, दबाएँ।
2. नम्बर डायल करने के लिए दबाएँ।
3. कॉल समाप्त करने के लिए दबाएँ।

*अंतर्राष्ट्रीय कॉल करने के लिए, अंतर्राष्ट्रीय पूर्वलग्न "+" प्रविष्ट करने के लिए को देर तक दबाएँ।*

## फोनबुक उपयोग करना

1. निष्क्रिय अवस्था में ▾ दबाएँ।
2. सूची में से कोई सम्पर्क चुनें और चयनित नंबर डायल करने के लिए दबाएँ। कोई अन्य नंबर चुनने के लिए, ▴ या ▾ दबाएँ। (अधिक जानकारी के लिए "सम्पर्क" देखें)।
3. कॉल समाप्त करने के लिए दबाएँ।

## आपातकालीन कॉल करना

फोन में सिम कार्ड के बिना, आपातकालीन कॉल डायल करने के लिए आप (*SOS*) दबा सकते हैं।

फोन में सिम कार्ड के साथ, आप निष्क्रिय अवस्था में आपातकालीन नंबर प्रविष्ट कर सकते हैं, फिर दबा सकते हैं।

*यूरोप में मानक आपातकालीन नंबर 112 है, यू.के. में यह 999 है।*

## कॉल का उत्तर देना और समाप्त करना

कोई कॉल आने पर, कॉलकर्ता द्वारा अपनी पहचान प्रदर्शित करने हेतु किए गए चयन के अनुसार, कॉलकर्ता का नम्बर प्रदर्शित हो सकता है। यदि नंबर चुनिंदा फोनबुक में रक्षित किया गया हो, तो नंबर के बदले संबद्ध नाम प्रदर्शित होगा।

- **कॉल का उत्तर देने के लिए :** दबाएँ।
- **कॉल अस्वीकार करने के लिए :** दबाएँ।
- **कॉल समाप्त करने के लिए :** दबाएँ।

*मौन मोड में होने पर फोन नहीं बजेगा।*

यदि आपने *किसी कुंजी से उत्तर* का चयन किया है, तो सिवाय के, आप किसी भी कुन्जी को दबाकर कॉल का उत्तर दे सकते हैं।

## कॉल के दौरान विकल्प

कॉल के दौरान, निम्न विकल्प एक्सेस करने के लिए *विकल्प* दबाएँ :

- *हैंड्सफ्री सक्रिय करें*
- *संदेश* भेजना और प्राप्त करना
- *कॉल सूची*
- *कॉल होल्ड पर*
- *नोटपैड* एक्सेस करना
- *कॉल समाप्त*
- *नाम सूची* एक्सेस करना
- कॉल *मौन* करना

## ईयरपीस की ध्वनि समायोजित करना

कॉल के दौरान, ध्वनि प्रबलता बढ़ाने या घटाने के लिए ▲ या ▼ कुंजी दबाएँ।

## एक से अधिक कॉलें करना

आप अपने फोन से एक साथ दो या अधिक कॉलें कर सकते हैं, और साथ ही साथ कॉन्फ्रेन्स कॉलें कर सकते हैं। इस सुविधा की उपलब्धता आपके नेटवर्क ऑपरेटर और/या आपकी सदस्यता पर निर्भर करती है।

### *दूसरी कॉल करना*

किसी सक्रिय कॉल या होल्ड पर कॉल के दौरान आप दूसरी कॉल कर सकते हैं। फोन पर बात करते हुए, नंबर डायल करें (या फोनबुक में संपर्क चुनें), और दबाएँ। पहली कॉल होल्ड कर दी जाएगी और दूसरा नंबर डायल किया जाएगा। फिर निम्न विकल्प एक्सेस करने के लिए आप दबा सकते हैं :

- *हैंड्सफ्री सक्रिय करें*
- *स्थानांतर कॉल*
- *कॉल होल्ड पर*
- *कॉन्फ्रेंस* कॉलकर्ता को कॉन्फ्रेन्स कॉल में लाना।
- *कॉल समाप्त*
- *कॉल बदलें* 2 कॉलें बदलना
- वर्तमान कॉल *मौन* करना

### *दूसरी कॉल का उत्तर देना*

पहले से बातचीत के दौरान दूसरी कॉल प्राप्त होने पर, फोन एक बीप सतर्क देगा और स्क्रीन पर आने वाली कॉल की जानकारी प्रदर्शित होगी। फिर आप :

| | |
|---|---|
| दबाएँ | कॉल का उत्तर देने के लिए (पहली कॉल होल्ड पर रख दी जाएगी)। |
| दबाएँ | कॉल अस्वीकार करने के लिए। |
| *विकल्प* दबाएँ | विकल्प सूची एक्सेस करने के लिए। आप *कॉल स्वीकार*, *कॉल अस्वीकार*, *हैंड्सफ्री में स्वीकार करें* और *कॉल समाप्त* का चयन कर सकते हैं। |

# 3. पाठ्य एवं संख्या प्रविष्टि

## इनपुट विधि

आपके फोन में 7 प्रकार की इनपुट विधियाँ समर्थित हैं :

मल्टीटैप ABC/Abc/abc
T9 ABC/Abc/abc
T9 पिनयिन
सरलीकृत चीनी स्ट्रोक
परम्परागत चीनी झुयिन
संख्यात्मक
चिन्ह

अंग्रेज़ी अक्षर, शब्द, चिन्ह और संख्याएँ प्रविष्ट करने के लिए विकल्प सूची में आप उपयुक्त इनपुट विधि का चयन कर सकते हैं। स्क्रीन पर प्रदर्शित होने वाले चित्र सक्रिय इनपुट मोड इंगित करते हैं।

## फंक्शन कुन्जियाँ

| | |
|---|---|
| C | कर्सर के बाईं ओर स्थित वर्ण मिटाएँ या संपादन मोड से बाहर आएँ। |
| ▲/▼/◄/► | कर्सर चलाएँ, सूची में किसी अक्षर, शब्द या चिन्ह का चयन करें, या किसी सूची में नीचे स्क्रॉल करें। |
| ☎ | निष्क्रिय अवस्था में वापिस जाएँ। |
| OK | सूची में हाईलाइट किया गया शब्द चुनें या *विकल्प* मीनू में प्रवेश करें। |
| #a | चिन्ह प्रविष्ट करें। |
| *+ | इनपुट मोड बदलें। |

## मल्टीटैप ABC/Abc/abc इनपुट

1. अंकीय कुन्जी (2ABC से 9WXYZ) पर स्थित पहला अक्षर प्रविष्ट करने के लिए उस कुन्जी को एक बार दबाएँ, उस कुन्जी पर स्थित दूसरा अक्षर प्रविष्ट करने के लिए उसे दो बार दबाएँ, आदि। यदि आपका इच्छित अक्षर और आपके द्वारा प्रविष्ट किया गया अक्षर एक ही कुन्जी पर मौजूद हों, तो कर्सर पुनः प्रकट होने के लिए कुछ सेकंड प्रतीक्षा करें।
2. कर्सर के बाईं ओर स्थित वर्ण मिटाने के लिए C दबाएँ।

***उदाहरण: शब्द "home" कैसे प्रविष्ट करें :***

4GHI, 4GHI (GH*I*) 6MNO, 6MNO, 6MNO (*MN*O), 6MNO (M*NO*), 3DEF, 3DEF (*DE*F) दबाएँ। संदेश पूर्ण होने पर OK दबाएँ।

*ABC/abc मल्टीटैप इनपुट मोड में रिक्त स्थान प्रविष्ट करने के लिए आप 1 कुन्जी दबा सकते हैं। विभिन्न अक्षरों में बदलने के लिए 0 कुन्जी दबाएँ।*

प्रत्येक कुन्जी पर स्थित अक्षर इस प्रकार हैं :

| कुन्जी | प्रदर्शन क्रमानुसार वर्ण |
|---|---|
| 1 | . , - ? ! @ : # $ / _ 1 |
| 2ABC | a b c 2 à ä å æ ç |
| 3DEF | d e f 3 é è Δ Φ |
| 4GHI | g h i 4 Γ ì |
| 5JKL | j k l 5 Λ |

| | |
|---|---|
| 6 MNO | m n o 6 ñ ò ö |
| 7 PQRS | p q r s 7 β Π Θ Σ |
| 8 TUV | t u v 8 ü ù |
| 9 WXYZ | w x y z 9 Ω ø Ξ Ψ |
| 0 | 0 |

## T9® पाठ्य इनपुट

टेजिक यूरो पेटेंट एप्लि. 0842463

T9® पूर्वाभास पाठ्य इनपुट मोबाइल फोन में पाठ्य प्रविष्ट करने हेतु एक बुद्धिमान संपादन मोड है। यह आपके द्वारा दबाई गई कुन्जियों के आधार पर आपके इच्छित शब्द को अनुमानित कर आपको अधिक तीव्रता से पाठ्य प्रविष्ट करने की अनुमति देता है। कोई शब्द बनाने के लिए आपको प्रत्येक वांछित अक्षर की सदृश कुन्जी को केवल एक बार दबाना होगा और आपके द्वारा प्रयुक्त कुन्जियों के आधार पर T9® एक शब्द सुझाएगी। कई शब्द उपलब्ध होने पर, सूची में पहला शब्द प्रदर्शित और हाईलाइट किया जाएगा। सूची ब्राउज़ करने के लिए ▴/▾ या OK दबाएँ और शब्द प्रविष्ट करने के लिए OK दबाएँ।

## *T9 ABC/Abc/abc इनपुट*

T9 इंग्लिश इनपुट विधि आपको अंग्रेज़ी शब्द प्रविष्ट करने के लिए अधिक तीव्र तरीका प्रदान करती है।

1. कोई शब्द बनाने के लिए आपको प्रत्येक वांछित अक्षर की सदृश अंकीय कुन्जी (2 ABC से 9 WXYZ) को एक बार दबाना होगा। आपके द्वारा अक्षर प्रविष्ट करने के अनुसार, स्क्रीन पर प्रदर्शित शब्दों का अद्यतन किया जाएगा।
2. कर्सर के बाईं ओर स्थित प्रविष्टियाँ मिटाने के लिए C दबाएँ।
3. इच्छित शब्द चुनने के लिए नेविगेशन कुन्जी का उपयोग करें और उसे प्रविष्ट करने के लिए OK दबाएँ।

### *उदाहरण : शब्द "home" कैसे प्रविष्ट करें :*

1. कुन्जी 4 GHI, कुन्जी 6 MNO, कुन्जी 6 MNO, कुन्जी 3 DEF दबाएँ। स्क्रीन सूची का प्रथम अक्षर प्रदर्शित करती है : *Good*.
2. स्क्रॉल करने के लिए ▴ दबाएँ और *Home* का चयन करें।
3. पुष्टि करने के लिए OK दबाएँ।

## *T9 पिनयिन इनपुट (केवल चीन और हाँग-काँग के लिए)*

यह एक बुद्धिमान संपादन मोड है जिसके द्वारा न केवल कोई वर्ण बनाने के लिए आपको प्रत्येक वांछित अक्षर की सदृश कुन्जी पर केवल एक बार दबाना होगा, बल्कि इसमें संबंधात्मक इनपुट विशेषता भी मौजूद है। कुन्जियाँ दबाने का विश्लेषण किया जाएगा और स्क्रीन के निचले भाग में सभी संभव पिनयिन संयोजन प्रदर्शित किए जाएँगे।

### T9 पिनयिन इनपुट विधि का उपयोग करना

1. क्रमानुसार पिनयिन अक्षर प्रविष्ट करें। किसी पिनयिन अक्षर की सदृश कुन्जी पर उसके स्थान पर ध्यान दिए बिना उस कुन्जी को एक बार दबाएँ। आपके द्वारा कुन्जीपटल का उपयोग कर अक्षर प्रविष्ट करने के अनुसार, स्क्रीन पर पिनयिन संयोजनों का अद्यतन किया जाएगा।
2. अपने इच्छित पिनयिन संयोजनों का चयन करने के लिए नेवीगेशन कुन्जियों का उपयोग करें और संभावित पंक्ति चुनने के लिए OK दबाएँ। वर्ण (चयनित पिनयिन वर्ण हाईलाइट किया जाएगा) का चयन करने के लिए ◂ या ▸ दबाएँ और उस वर्ण को प्रविष्ट करने के लिए OK दबाएँ। वर्तमान सूची में इच्छित वर्ण मौजूद न होने पर, सूची में देखने के लिए ▴ या ▾ दबाएँ।

3. संबंधात्मक वर्ण प्रविष्ट करना : कोई वर्ण चुनते और प्रविष्ट करते ही, संभावित सूची का अद्यतन किया जाएगा और संबंधात्मक वर्णों की सूची प्रदर्शित की जाएगी। इच्छित संबंधात्मक वर्ण का चयन करने के लिए नेवीगेशन कुन्जियों का उपयोग करें और उस प्रविष्टि की पुष्टि करने के लिए OK दबाएँ। यदि आपको संबंधात्मक वर्ण प्रविष्ट करने की आवश्यकता न हो, तो बाहर आने के लिए केवल C दबाएँ, या सीधे नए पिनयिन अक्षर प्रविष्ट करें।

## *सरलीकृत चीनी स्ट्रोक इनपुट (केवल चीन और हाँग-काँग के लिए)*

### स्ट्रोक इनपुट विधि का उपयोग करना

1. स्ट्रोक्स प्रविष्ट करना : किसी चीनी वर्ण के स्ट्रोक क्रमानुसार उसके स्ट्रोक्स प्रविष्ट करें। वांछित स्ट्रोक्स की सदृश कुन्जियाँ दबाने पर, स्क्रीन पर स्ट्रोक्स प्रदर्शित किए जाएँगे। फोन आपके द्वारा प्रविष्ट किए गए स्ट्रोक्स के सदृश संभावित वर्ण प्रदर्शित करेगा। आपके द्वारा स्ट्रोक्स प्रविष्ट करने के अनुसार, स्क्रीन पर संभावित वर्णों का अद्यतन किया जाएगा।
2. वर्ण प्रविष्ट करना : संभावित सूची से वांछित चीनी वर्ण का चयन करने के लिए नेवीगेशन कुन्जी का उपयोग करें। चीनी वर्ण प्रविष्ट करने के लिए OK दबाएँ और प्रविष्ट किए गए स्ट्रोक्स मिटाने के लिए C दबाएँ।
3. संबंधात्मक वर्ण प्रविष्ट करना : कोई वर्ण चुनते और प्रविष्ट करते ही, संभावित सूची का अद्यतन किया जाएगा और संबंधात्मक वर्णों की सूची प्रदर्शित की जाएगी। इच्छित संबंधात्मक वर्ण का चयन करने के लिए नेवीगेशन कुन्जी का उपयोग करें और उस प्रविष्टि की पुष्टि करने के लिए OK दबाएँ। यदि आपको संबंधात्मक वर्ण प्रविष्ट करने की आवश्यकता न हो, तो बाहर आने के लिए केवल C दबाएँ, या सीधे नए स्ट्रोक्स प्रविष्ट करें।

## *परम्परागत चीनी झुयिन इनपुट (केवल चीन और हाँग-काँग के लिए)*

### झुयिन इनपुट विधि का उपयोग करना

1. क्रमानुसार झुयिन अक्षर प्रविष्ट करें। किसी झुयिन अक्षर की सदृश कुन्जी पर उसके स्थान पर ध्यान दिए बिना उस कुन्जी को एक बार दबाएँ। आपके द्वारा कुन्जीपटल का उपयोग कर अक्षर प्रविष्ट करने के अनुसार, स्क्रीन पर झुयिन संयोजनों का अद्यतन किया जाएगा।
2. अपने इच्छित झुयिन संयोजनों का चयन करने के लिए नेवीगेशन कुन्जियों का उपयोग करें और संभावित पंक्ति चुनने के लिए OK दबाएँ। वर्ण (चयनित पिनयिन वर्ण हाईलाइट किया जाएगा) चुनने के लिए ◂ या ▸ दबाएँ और उस वर्ण को प्रविष्ट करने के लिए OK दबाएँ। वर्तमान सूची में इच्छित वर्ण मौजूद न होने पर, सूची में देखने के लिए ▴ या ▾ दबाएँ।
3. संबंधात्मक वर्ण प्रविष्ट करना : कोई वर्ण चुनते और प्रविष्ट करते ही, संभावित पंक्ति का अद्यतन किया जाएगा और संबंधात्मक वर्णों की सूची प्रदर्शित की जाएगी। इच्छित संबंधात्मक वर्ण का चयन करने के लिए नेवीगेशन कुन्जी का उपयोग करें और उस प्रविष्टि की पुष्टि करने के लिए OK दबाएँ। यदि आपको संबंधात्मक वर्ण प्रविष्ट करने की आवश्यकता न हो, तो बाहर आने के लिए केवल C दबाएँ, या सीधे नए झुयिन प्रविष्ट करें।

# अंकीय इनपुट

1. अंकीय कुन्जियों (0 से 9) के सदृश अंक प्रविष्ट करने के लिए वे कुन्जियाँ दबाएँ।
2. कोई अंक मिटाने के लिए C दबाएँ।

## चिन्ह इनपुट

विराम चिन्ह या कोई अन्य चिन्ह प्रविष्ट करने के लिए # दबाएँ। इच्छित विराम चिन्ह या किसी अन्य चिन्ह का चयन करने के लिए नेवीगेशन कुन्जियों का उपयोग करें और उसे प्रविष्ट करने के लिए OK दबाएँ। विराम चिन्ह या अन्य चिन्हों की सूची में नीचे स्क्रॉल करने के लिए ▾ दबाएँ।

# 4. संदेश



## एसएमएस

एसएमएस, लघु संदेश प्रेषण सेवा (एसएमएस) द्वारा, आपको किसी अन्य पक्ष को पाठ्य संदेश भेजने में सक्षम बनाता है।

### *संदेश लिखना*

एसएमएस लिखने और भेजने के लिए, *<संदेश बनाएं >* का चयन करें और अपना संदेश लिखना आरंभ करें। अपना संदश लिखना पूर्ण होने पर, अगले विकल्प एक्सेस करने के लिए, OK *विकल्प* दबाएँ :

| | |
|---|---|
| *भेजें* | संदेश भेजें। |
| *अनेक को भेजें* | अनेक प्राप्तकर्ताओं को संदेश भेजें। |
| *रक्षित* | ड्राफ्ट्स फोल्डर में संदेश रक्षित करें। |
| *भाषा* | प्रदर्शित करने हेतु भाषा का चयन करें। |
| *ध्वनि जोड़ें* | धुन प्रविष्ट करें। |
| *चित्र जोड़ें* | चित्र प्रविष्ट करें। |

*एसएमएस नेटवर्क द्वारा संदेश भेजने पर, आपका फोन "प्रेषित" प्रदर्शित कर सकता है। इसका अर्थ यह है कि आपके द्वारा अपने सिम कार्ड में सेट किए गए संदेश केंद्र को संदेश भेज दिया गया है। हालाँकि, इसका मतलब यह नहीं है कि संदेश को उसके गंतव्य तक पहुँचा दिया गया है।*

### *इनबॉक्स*

इस मीनू द्वारा आप प्राप्त होने वाले एसएमएस पढ़ सकते हैं। संदेश सूची में प्रदर्शित किए जाते हैं।

कोई संदेश प्रदर्शित होने पर, उसे पढ़ने के लिए OK दबाएँ, फिर निम्न विकल्प एक्सेस करने के लिए OK दबाएँ :

| | |
|---|---|
| *उत्तर* | प्रेषक को उत्तर दें। |
| *अग्रेषित* | चयनित संदेश अग्रेषित करें। |
| *सभी मिटाएं* | इनबॉक्स में सभी संदेश मिटाएँ। |
| *मिटाएं* | चयनित संदेश मिटाएँ। |
| *पुरालेख पर जाएं* | चयनित संदेश *संग्रह* फोल्डर में स्थानांतरित करें। |
| *वापस कॉल* | प्रेषक को कॉल करें। |
| *जमा नंबर* | प्रेषक का नंबर रक्षित करें। |

### *आउटबॉक्स*

सफलतापूर्वक न भेजे गए संदेश *आउटबॉक्स* में रक्षित किए जाएँगे।

### *ड्राफ्ट्स*

यह मीनू आपके सभी रक्षित परन्तु अप्रेषित एसएमएस सूचीबद्ध करता है। कोई संदेश चुनने के लिए OK दबाएँ और निम्न विकल्प एक्सेस करने के लिए OK दबाएँ :

| | |
|---|---|
| *मिटाएं* | चयनित संदेश मिटाएँ। |
| *अग्रेषित* | चयन करने पर, संदेश संपादक में चयनित संदेश की सामग्री प्रदर्शित होगी। संदेश भेजने से पहले आप उसे संपादित कर सकते हैं। |
| *सभी एसएमएस मिटाएं* | *ड्राफ्ट* बॉक्स में सभी संदेश मिटाएँ। |

### टेम्प्लेट

बाद में संपादन या प्रेषण के लिए टेम्प्लेट के रूप में रक्षित किए गए सभी संदेश सूचीबद्ध करें।

### आलेख

यह मीनू आपके द्वारा अपने *इनबॉक्स* से *संग्रह* में स्थानांतरित किए गए सभी एसएमएस सूचीबद्ध करता है। कोई संदेश चुनें और निम्न विकल्प एक्सेस करने के लिए [OK] दबाएँ :

| | |
|---|---|
| *उत्तर* | प्रेषक को उत्तर दें। |
| *अग्रेषित* | चयनित संदश अग्रेषित करें। |
| *वापस कॉल* | संदेश प्रेषक को कॉल करें। |
| *कॉल हैण्ड्सफ्री* | संदेश प्रेषक को हैण्ड्सफ्री कॉल करें। |
| *जमा नंबर* | प्रेषक का नंबर रक्षित करें। |
| *सभी एसएमएस मिटाएं* | *संग्रह* बॉक्स में सभी संदेश मिटाएँ। |
| *मिटाएं* | चयनित संदेश मिटाएँ। |

## एसएमएस प्रसारण

यह एक नेटवर्क सेवा है जिसके द्वारा आप विभिन्न प्रकार के पाठ्य संदेश, जैसे समाचार और ट्रैफिक जानकारी, प्राप्त कर सकते हैं। नेटवर्क के भीतर सभी ग्राहकों को ये संदश प्रसारित किए जाते हैं। यह विशेषता सक्रिय करने पर, नेटवर्क आपको उपलब्ध प्रसारण चैनल नंबरों की एक सूची प्रदान करेगा।

### विषय

इस मीनू द्वारा आप नए संदेश प्राप्त करने के लिए नए चैनल नंबर परिभाषित कर सकते हैं। आप *<नया>*, *मिटाएं* या *बदलें* विषय कोड बना सकते हैं।

### प्राप्ति

इस मीनू द्वारा आप प्रसारण संदशों की प्राप्ति सेट कर सकेंगे। *चालू* होने पर, आप प्रसारण संदेश प्राप्त कर सकते हैं। *बंद* होने पर, आप प्रसारण संदेश प्राप्त नहीं कर सकते।

## सेटिंग्स

यन मीनू आपको निम्न विकल्पों द्वारा अपने एसएमएस को अनुकूलित करने देता है :

| | |
|---|---|
| *स्वतः रक्षित* | *चालू* होने पर, प्रेषित संदेश स्वचालित रूप से रक्षित किए जाएँगे। |
| *एसएमएस केंद्र* | अपने डिफॉल्ट एसएमएस केंद्र का चयन करें। **यदि वह आपके सिम कार्ड में उपलब्ध न हो, तो आपको अपना एसएमएस केंद्र नंबर प्रविष्ट करना होगा।** |
| *हस्ताक्षर* | *चालू* होने पर, यह संपादक को खोल देगा जहाँ आप अपना हस्ताक्षर प्रविष्ट कर सकते हैं। आपके प्राप्तकर्ता को आपका संदेश भेजे जाने से पहले आपके संदश के अंत में हस्ताक्षर जोड़ दिए जाएँगे। |

*मान्यता अवधि*

एसएमएस केन्द्र में अपने संदेश रक्षित करने की अवधि चुनें। प्राप्तकर्ता का नेटवर्क से सम्पर्क न होने पर (और इसलिए आपके संदेश तुरंत प्राप्त न करने पर) यह उपयोगी होता है।

**यह विशेषता नेटवर्क पर निर्भर करती है।**

*एसएमएस गपशप*

*चालू* होने पर, आप एसएमएस द्वारा अपने सम्पर्क के साथ गपशप कर सकते हैं।

*सुपुर्दगी रिपोर्ट*

*चालू* होने पर, यह विकल्प आपको एसएमएस द्वारा सूचित करता है कि प्राप्तकर्ता द्वारा आपका एसएमएस प्राप्त किया गया है या नहीं। **यह विशेषता नेटवर्क पर निर्भर करती है।**

# 5. सेटिंग्स



इस मीनू द्वारा आप अपने फोन में उपलब्ध प्रत्येक विकल्प (समय और तिथि, सुरक्षा आदि) से संबंधित सेटिंग्स बदल सकते हैं।

## समय एवं तिथि

इसके द्वारा आप कुन्जीपटल या नेवीगेशन कुन्जियों द्वारा समय और तिथि सेट कर सकते हैं।

## भाषा

इस मीनू द्वारा आप संपूर्ण मीनू पाठ्य के लिए भाषा का चयन कर सकते हैं। भाषाओं की सूची ब्राउज़ करने के लिए ▲ या ▼ दबाएँ और चयन करने के लिए OK दबाएँ।

## हॉटकुन्जियाँ

इसके द्वारा आप किसी खास विशेषता और किसी अंकीय कुन्जी के बीच एक संबंध स्थापित कर एक नई शॉर्टकट कुन्जी सेट कर सकते हैं। आप कोई मौजूदा शॉर्टकट कुन्जी बदल भी सकते हैं या हटा भी सकते हैं।

## सुरक्षा

इस मीनू द्वारा आप अपने मोबाइल फोन और उसमें रक्षित किए जाने वाले डाटा की सुरक्षा से संबंधित विशेषताएँ एक्सेस कर सकते हैं।

### *स्वचालित कुन्जीपटल लॉक*

इसके द्वारा आप निष्क्रिय अवस्था में स्वचालित रूप से अपना कुन्जीपटल लॉक कर सकते हैं। इस क्रिया को सक्षम या अक्षम करने के लिए आप *चालू* या *बंद* का चयन कर सकते हैं।

### *पिन सुरक्षा*

इसके द्वारा आप पिन सुरक्षा को *चालू* या *बंद* पर सेट कर सकते हैं। *चालू* होने पर, अपना फोन चालू करते हुए आपसे अपना पिन कोड प्रविष्ट करने के लिए कहा जाएगा।

*यह विकल्प बंद होने पर आप अपना पिन कोड नहीं बदल सकते।*

### *कोड बदलना*

इसके द्वारा आप अपने *पिन* और *पिन 2* कोड, और कॉल अवरोधन कोड बदल सकते हैं। आपके सिम कार्ड पर निर्भर करते हुए, कुछ विशेषताओं या विकल्पों के लिए आपके ऑपरेटर द्वारा आपको प्रदान किए गए पिन2 गुप्त कोड की आवश्यकता हो सकती है।

*यदि आप लगातार 3 बार गलत पिन कोड प्रविष्ट करते हैं, तो आपका सिम कार्ड अवरुद्ध हो जाएगा। उसका अवरोधन हटाने के लिए, अपने ऑपरेटर या विक्रेता से पीयूके कोड के लिए अनुरोध करें। यदि आप लगातार 10 बार गलत पीयूके कोड प्रविष्ट करते हैं, तो सिम कार्ड अवरुद्ध हो जाएगा और उपयोग करने योग्य नहीं रहेगा। ऐसा होने पर, अपने ऑपरेटर या विक्रेता से संपर्क करें।*

### *सार्वजनिक नाम*

इसके द्वारा आप *सार्वजनिक नाम* सूची नामक एक विशिष्ट नाम सूची प्रबंधित कर सकते हैं, और *प्रतिबंधित कॉल* विकल्प द्वारा इस सूची पर कॉलें प्रतिबंधित कर सकते हैं।

*यह विशेषता सदस्यता पर निर्भर करती है और इसके लिए पिन2 कोड की आवश्यकता होती है (पृष्ठ 16 देखें)।*

| | |
|---|---|
| *सार्वजनिक नाम* | इसके द्वारा आप पिन2 कोड द्वारा अपनी *सार्वजनिक नाम* सूची देख सकते हैं, संपादित कर सकते हैं और संशोधित कर सकते हैं। |
| *प्रतिबंधित कॉल* | इसके द्वारा आप *केवल सार्वजनिक* चयनित होने पर *सार्वजनिक नाम* सूची पर कॉलें प्रतिबंधित कर सकते हैं। |

*यह विशेषता सदस्यता पर निर्भर करती है और इसके लिए पिन2 कोड की आवश्यकता होती है (पृष्ठ 16 देखें)।*

### *कॉल अवरोधन*

इस मीनू द्वारा *सेटिंग्स* मीनू में *आउटगोईंग निष्क्रिय करें* और *आने वाली* कॉलें सेट करके आप केवल कुछ विशिष्ट कॉलों तक अपने फोन का उपयोग सीमित कर सकते हैं। *कोड को छोड़कर* मीनू द्वारा आप अवरोधन पासवर्ड बदल सकते हैं।

*आने वाली कॉलें* मीनू द्वारा आप *सभी* या *जब रोमिंग* का चयन कर सकते हैं। *जाने वाली कॉलें* मीनू द्वारा आप *सभी*, *अंतर्राष्ट्रीय कॉलें* और *अंतर्राष्ट्रीय घर छोड़कर* का चयन कर सकते हैं। दोनों स्थितियों में, *निरस्त* विकल्प एक साथ सभी कॉलों पर लागू होता है।

*यह विशेषता सदस्यता पर निर्भर करती है और इसके लिए आपके सेवा प्रदाता द्वारा प्रदान किए गए एक विशिष्ट कॉल अवरोधन पासवर्ड की आवश्यकता होती है।*

## नेटवर्क सेटिंग्स

इस मीनू द्वारा आप सेवा नेटवर्क का चयन कर सकते हैं।

### *वरीय सूची*

इसके द्वारा आप वरीयता क्रमानुसार एक नेटवर्क सूची बना सकते हैं। परिभाषित करने के बाद, आपकी वरीयताओं के अनुसार, फोन नेटवर्क पर पंजीकरण करने का प्रयास करेगा।

### *पुनः पंजीकरण करना*

*स्व हस्ते* मोड चयनित होने पर यह आपको क्षेत्र में उपलब्ध नेटवर्क्स की सूची प्रदान करता है। जिस नेटवर्क में आप पंजीकरण करना चाहते हैं उसका चयन करें और पुष्टि करने के लिए OK दबाएँ।

## ध्वनियाँ

### *संकेत ध्वनि प्रबलता*

इस विकल्प द्वारा आप अपनी संकेत ध्वनि की प्रबलता समायोजित कर सकते हैं। अपनी संकेत ध्वनि की प्रबलता *मौन* से *बढ़ती* पर समायोजित करने के लिए + या - दबाएँ।

### *संकेत ध्वनि*

इसके द्वारा आप संकेत ध्वनि के लिए धुन का चयन कर सकते हैं। इस सूची में आपके द्वारा रक्षित रिकॉर्ड की गई ध्वनियाँ और धुनें भी शामिल होती हैं। सूची में स्क्रॉल करें और चयनित धुन बजते हुए सुनने के लिए प्रतीक्षा करें।

### मौन

यह *सक्रिय* होने पर, (कम प्रबलता से बजने वाली अलार्म घड़ी के अलावा) सभी सतर्क निष्क्रिय हो जाएँगे और कंपन सतर्क सक्रिय हो जाएगा।

*मौन मोड कुन्जी ध्वनियों पर भी लागू होता है।*

### संदेश संकेत ध्वनि

इसके द्वारा आप हर बार नया संदेश प्राप्त होने पर कोई सतर्क *चालू* या *बंद* पर सेट कर सकते हैं। *चालू* होने पर, आप संकेत ध्वनियों की सूची में से अपना पसंदीदा सतर्क चुन सकते हैं।

### कुन्जी ध्वनियाँ

इसके द्वारा आप कुन्जी ध्वनियाँ *चालू* या *बंद* कर सकते हैं।

### बैटरी सतर्क

इसके द्वारा आप बैटरी की क्षमता कम होने और चार्जिंग की आवश्यकता होने पर कोई सतर्क *चालू* या *बंद* पर सेट कर सकते हैं।

### मिनट सतर्क

इसके द्वारा आप एक बीप सतर्क *चालू* या *बंद* पर सेट कर सकते हैं जो कॉल के दौरान कॉल की अवधि प्रबंधित करने में आपकी सहायता के लिए हर एक मिनट बाद बजेगा (बीप की ध्वनि कॉलकर्ता द्वारा नहीं सुनी जा सकती)।

### कंपन सतर्क

इसके द्वारा आप कोई कॉल प्राप्त होने, संगठक में सेट कोई ईवेंट नियत होने, कोई संदश प्राप्त होने और अलार्म बजने पर कंपन संतर्क को *चालू* या *बंद* पर सेट कर सकते हैं।

## प्रदर्शन

इस मीनू द्वारा आप निष्क्रिय अवस्था में प्रदर्शन विकल्प सेट कर सकते हैं।

### वॉलपेपर

इसके द्वारा आप निष्क्रिय अवस्था में मुख्य स्क्रीन का पृष्ठभूमि चित्र सेट कर सकते हैं।

### विषमता

इसके द्वारा आप विषमता के विभिन्न स्तरों में से चयन कर सकते हैं।

### बैकलाइट

इसके द्वारा आप *5s*, *10s*, *15s* और *30s* में से बैकलाइट की अवधि सेट कर सकते हैं।

# 6. खेल एवं अनुप्रयोग



## खेल

### *ब्रिक खेल*

इस खेल का लक्ष्य ईंटों पर गेंद मारकर उन्हें नष्ट करना है। सभी ईंटें नष्ट करने पर आप अगले स्तर पर पहुँच सकेंगे।

निम्न कुन्जियों का उपयोग किया जाता है :

| | |
|---|---|
| 4 और 6 | रैकेट को बाएँ या दाएँ हिलाने के लिए। |
| * और # | गेंद को बाएँ या दाएँ फेंक कर खेल आरंभ करने के लिए। |
| 0 | 2 मिनट तक खेल रोकने के लिए (जिसके बाद स्क्रीन निष्क्रिय अवस्था में वापस आ जाएगी और खेल समाप्त हो जाएगा)। |

### *स्नेक खेल*

इस खेल में, साँप को हिलाने और लाल गेंदें खाने के लिए आपको नेवीगशन कुन्जियों का उपयोग करने की आवश्यकता होगी।

## अलार्म घड़ी

आपके मोबाइल फोन में स्नूज़ विशेषता युक्त एक अंतर्निर्मित अलार्म घड़ी मौजूद है। आप तीन अलग-अलग अलार्म सेट कर सकते हैं और इसका चयन कर सकते हैं कि अलार्म दोहराया जाए या नहीं। अलार्म सेट करने के लिए, निम्न चरणों का पालन करें :

1. अलार्म चुनें और उसे *चालू* पर सेट करें।
2. फिर समय प्रविष्ट करें और OK दबाएँ।
3. फिर बारंबारता चुनें : *एक बार*, *प्रत्येक दिन*, *कार्य दिवस पर*।
4. अंत में, अलार्म प्रकार चुनें : *स्वर* या *बज़र* और OK दबाएँ।

अन्य अलार्म सेट करने के लिए ऊपर दिए गए चरण दोहराएँ।

*आपका मोबाइल फोन बंद होने पर और/या संकेत ध्वनि प्रबलता मौन पर सेट होने पर भी अलार्म घड़ी बजेगी। अलार्म बजने पर, उसे बंद करने के लिए कोई भी कुन्जी दबाएँ या फोन बंद करें (स्नूज़ मोड चालू होने को छोड़कर, नीचे देखें)।*

*यदि आप अलार्म बंद करना चाहते हैं, तो चरण 1 और 2 का पालन करें और उसे बंद करें।*

### *स्नूज़ मोड*

इस मीनू द्वारा आप स्नूज़ मोड को *चालू* या *बंद* पर सेट कर सकते हैं। अलार्म बजने और स्नूज़ मोड *चालू* होने पर :

- अस्थायी रूप से संकेत ध्वनि बंद करने के लिए (C *रोकें* के अलावा) कोई भी कुन्जी दबाएँ या फोन बंद करें। लगभग 7 मिनट बाद अलार्म पुनः बजेगा।
- संकेत ध्वनि बंद करने और अलार्म का दोहराव रोकने के लिए C *रोकें* दबाएँ।

9 बार अलार्म दोहराने के बाद स्नूज़ मोड स्वचालित रूप से निष्क्रिय हो जाएगा।

*स्नूज़ मोड सेटिंग आपके द्वारा सेट किए गए सभी अलार्म पर लागू होती है।*

# कैल्कुलेटर

आपके फोन में एक अंतर्निमित कैल्कुलेटर है जिसका आप मूलभूत परिकलन हेतु उपयोग कर सकते हैं। कुन्जीपटल का उपयोग करके संख्याएँ प्रविष्ट करें और नीचे दी गई तालिका में प्रदर्शित विधि के अनुसार नेवीगेशन कुन्जियों द्वारा ऑपरेटर प्रविष्ट करें :

| | |
|---|---|
| *जोड़* | ▸ या कुन्जी दबाएँ। |
| *घटा* | ◂ या कुन्जी दो बार दबाएँ। |
| *गुणा* | ▴ या कुन्जी 3 बार दबाएँ। |
| *भाग* | ▾ या कुन्जी 4 बार दबाएँ। |
| *बराबर* | या । |

स्क्रीन के ऊपरी भाग में स्थित आइकन दर्शाता है कि ऑपरेटर्स प्रविष्ट करने के लिए किन नेवीगेशन कुन्जियों का उपयोग किया जाना चाहिए।
दशमलव बिन्दु प्राप्त करने के लिए दबाकर रखें।

*कैल्कुलेटर का परिणाम केवल संकेतक है। परिकलन की शुद्धता 2 दशमलव स्थान है। फिर अगली क्रिया के लिए परिणाम को दूसरे दशमलव अंक के बाद विच्छेदित कर दिया जाता है।*

# 7. कॉल सूचना



## कॉल गणक

इस मीनू द्वारा आप अपनी कॉलों की लागत और अवधि ट्रैक कर सकते हैं। नीचे दिए गए अधिकांश विकल्प सदस्यता पर निर्भर हैं।

### *लागत सीमा*

इसके द्वारा आप *बचे हुए पैसे दिखायं* मीनू में उपयोग की गई लागत सीमा प्रविष्ट कर सकते हैं।

### *कुल अवधि*

यह *जाने वाली* या *आने वाली* कॉलों की समय अवधि प्रदर्शित करता है।

### *समय पुनः सेट करना*

इसके द्वारा आप *जाने वाली* या *आने वाली* कॉलों की समय अवधि पुनः सेट कर सकते हैं।

### *प्रदर्शन*

यह प्रदर्शित करता है कि *शुल्क मूल्य* के आधार पर कितना खर्च हुआ है।

### *लागत पुनः सेट करना*

इसके द्वारा आप वर्तमान कुल लागत पुनः सेट कर सकते हैं।

### *शुल्क दर*

इसके द्वारा आप प्रति यूनिट दर सेट कर सकते हैं। पहले उपयोग की गई मुद्रा प्रविष्ट करें, फिर लागत प्रति यूनिट प्रविष्ट करें।

## सेटिंग्स

इस मीनू द्वारा आप कॉलिंग संबंधी सभी विकल्प : कॉल अग्रेषण, कॉल प्रतीक्षा, आदि, सेट कर सकते हैं।

### *कॉल अग्रेषण*

इस मीनू द्वारा आप आने वाली कॉलों को अपने मेलबॉक्स या किसी नंबर (आपके सम्पर्क या कोई अन्य) पर अंतरित कर सकते हैं और यह इन पर लागू होता है : *डाटा कॉल*, *वाणी कॉल* और *फैक्स कॉल* ।

| | |
|---|---|
| *शर्त रहित* | यह आने वाली सभी कॉलों को अंतरित कर देगा। यदि आप इस विकल्प का चयन करते हैं, तो इसे निष्क्रिय करने तक आपको कोई आने वाली कॉल प्राप्त नहीं होगी। |
| *शर्त के साथ* | इसके द्वारा आप यह चयन कर सकते हैं कि आप आने वाली कॉलों को अंतरित कब करना चाहते हैं : *यदि उत्तर न देना हो*, *यदि पहुंच से बाहर* या *यदि व्यस्त हो*। प्रत्येक विकल्प स्वतंत्र रूप से सेट किया जा सकता है। |
| *अवस्था* | यह सभी कॉल अग्रेषणों की स्थिति प्रदर्शित करेगा। |

इस विकल्प को सक्रिय करने से पहले, आपको अपना वॉयस मेलबॉक्स नंबर प्रविष्ट करना होगा। यह विषेषता सदस्यता पर निर्भर है, और कॉल स्थानांतरण, जो एक/कई कॉलें चलने के दौरान होता है, से भिन्न है।

### *किसी कुन्जी द्वारा उत्तर*

*सक्रिय* होने पर, इस विकल्प द्वारा आप (कॉल अस्वीकार करने के लिए उपयोग की जाती है) के अलावा कोई भी कुन्जी दबाकर कॉल स्वीकार कर सकते हैं।

### *कॉल प्रतीक्षा*

*सभी कॉलें*, *वाणी कॉल*, *फैक्स कॉल* और *डाटा कॉल* पर लागू होता है। यह विकल्प *चालू* पर सेट होने पर, पहले से कॉल में होने पर किसी व्यक्ति द्वारा आपको कॉल करने का प्रयास करने पर आपको बीप की ध्वनि सुनाई देगी। यह जानने के लिए कि जीएसएम कॉल प्रतीक्षा सक्रिय है या नहीं *अवस्था* का चयन करें।

### *स्वचालित पुनर्डायल*

*चालू* होने पर, यदि आपके द्वारा कॉल किया जा रहा व्यक्ति व्यस्त हो, तो सफलतापूर्वक सम्पर्क स्थापित होने तक या प्रयासों की अधिकतम संख्या (10) पूर्ण होने तक आपका फोन स्वचालित रूप से नंबर पुनः डायल करेगा। हर प्रयास के आरंभ में फोन बीप की ध्वनि उत्पन्न करेगा और सफलतापूर्वक सम्पर्क स्थापित होने पर एक विशेष बीप उत्पन्न करेगा। हर प्रयास के साथ पुनः डायलों के बीच समय बढ़ जाएगा।

### *कॉलकर्ता आईडी*

दूसरे व्यक्ति को अपनी पहचान *दिखाएं* या *छुपाएँ* के लिए। *अवस्था* आपको सूचित करेगा कि कौनसा विकल्प सक्रिय किया गया है।

### *मेलबॉक्स*

अपने वॉयस मेलबॉक्स नंबर प्रविष्ट करने के लिए (यदि आपके सिम कार्ड में उपलब्ध न हों)।

*कुछ मामलों में, आपको दो नंबर प्रविष्ट करने की आवश्यकता हो सकती है : एक अपने मेलबॉक्स को सुनने के लिए, दूसरा कॉलें अग्रेषित करने के लिए। अधिक जानकारी के लिए अपने ऑपरेटर से सम्पर्क करें।*

## कॉल सूची

आपका मोबाइल फोन आपको जाने वाली और आने वाली कॉलों, स्वचालित पुनर्डायलों के प्रयासों, और कॉल विवरण की सूची प्रदान कर सकता है। सबसे ऊपर सबसे हाल ही की कॉल सहित कालानुक्रमिक क्रम में विभिन्न प्रकार की कॉलें (*सभी कॉलें*, *छूटी कॉलें*, *प्राप्त कॉलें* और *जाने वाली कॉलें*) प्रदर्शित की जाती हैं। *कॉल सूची* से आप कॉलों के लिए *सभी मिटाएं* का चयन भी कर सकते हैं। यदि आपका सदृश व्यक्ति आपकी फोनबुक में रक्षित है, तो सदृश व्यक्ति का नाम प्रदर्शित होगा। कोई आइटम चुनें और निम्न विकल्प एक्सेस करने के लिए OK दबाएँ :

| | |
|---|---|
| *दिखाएं* | कॉल का नाम, तिथि और समय प्रदर्शित करें। |
| *कॉल* | नंबर डायल करें। |
| *कॉल हैण्ड्सफ्री* | हैण्ड्सफ्री से नंबर डायल करें। |
| *जमा नंबर* | नंबर रक्षित करें। |
| *मिटाएं* | वर्तमान नंबर मिटाएँ। |
| *सभी मिटाएं* | सभी नंबर मिटाएँ। |
| *एसएमएस भेजें* | सम्पर्क को संदश भेजें। |

# 8 • मल्टीमीडिया



इस मीनू और इसके उपमीनू में आपके ज़ीनियम 9@9z मोबाइल फोन की मल्टीमीडिया विशेषताओं से संबंधित विकल्प मौजूद हैं।

## एफएम रेडियो

इस मीनू द्वारा आप अपने फोन पर रेडियो सुन सकते हैं। अपने फोन में हेडसेट कनेक्टर लगाएँ। निम्न विकल्प एक्सेस करने के लिए आप OK दबा सकते हैं :

| | |
|---|---|
| *नाम बदलें* | चयनित रेडियो फ्रीक्वेंसी पुनर्नामित करें। |
| *पूर्वनिर्धारित पर रक्षित* | वर्तमान रेडियो फ्रीक्वेंसी को चयनित पूर्व-निर्धारित स्टेशन में रक्षित करें। |
| *रेडियो रिसेट करें* | पूर्व-निर्धारित रेडियो फ्रीक्वेंसी की सूची प्रदर्शित करें। |
| *फ्रीक्वेंसी सेट करें* | सुनने के लिए कोई फ्रीक्वेंसी सेट करें या उसे पूर्व-निर्धारित स्टेशन में रक्षित करें। |

*जब आप हस्तचालित रूप से किसी पूर्व-निर्धारित स्टेशन से ट्यून करना आरंभ करेंगे, तो पूर्व-निर्धारित नंबर हट जाएगा।*

| | |
|---|---|
| *स्वतः धुन* | स्वचालित रूप से रेडियो फ्रीक्वेंसी के लिए स्कैन करें और फिर उसे 20 पूर्व-निर्धारित स्टेशनों में रक्षित करें। |
| *पृष्ठभूमि में बजाएं* | रेडियो अनुप्रयोग से बाहर आए बिना रेडियो स्टेशन सुनें। |
| *जोन सेटिंग्स* | अपने स्थान का चयन करें। |
| *सहायता* | शब्दावली का विवरण प्रदान करें और रेडियो अनुप्रयोग में उपयोग होने वाली कुन्जियाँ सूचीबद्ध करें। |

### पूर्वनिर्धारित स्टेशनों के उपयोग द्वारा रेडियो बदलना

इस मीनू द्वारा आप पूर्व-निर्धारित रेडियो स्टेशन देखने के लिए ◄ या ► का उपयोग कर सकते हैं। वर्तमान में यदि आप कोई गैर-पूर्वनिर्धारित स्टेशन सुन रहे हों, तो निकटतम पूर्वनिर्धारित स्टेशन पर जाने के लिए ◄ या ► का उपयोग करें। पूर्वनिर्धारित स्टेशनों की सूची प्रदर्शित करने के लिए आप OK *विकल्प* भी दबा सकते हैं और *रेडियो रिसेट करें* का चयन कर सकते हैं।

### पृष्ठभूमि में चलाना

रेडियो सुनते हुए यदि आपको कोई अन्य अनुप्रयोग सक्रिय करने की आवश्यकता हो, तो आप OK *विकल्प* दबा सकते हैं और *पृष्ठभूमि में बजाएं* का चयन कर सकते हैं। फिर आप पृष्ठभूमि में चलने वाले अन्य मीनू भी एक्सेस कर सकते हैं। रेडियो निष्क्रिय करने के लिए, end दबाएँ।

### रेडियो बंद करना

रेडियो मीनू से बाहर आने के लिए C या end दबाएँ।

### रेडियो चलने के दौरान ईवेंट्स

रेडियो सुनते हुए कोई कॉल आने पर, आपके द्वारा कॉल स्वीकार या अस्वीकार किए जाने तक रेडियो चलना बंद हो जाएगा। रेडियो सुनते हुए कोई संदेश प्राप्त होने पर, रेडियो चलना जारी रहेगा और उस ईवेंट के लिए आपको एक बीप ध्वनि सुनाई देगी।

## ध्वनियाँ

इस मीनू द्वारा आप अपने मोबाइल फोन में रक्षित ध्वनि फाइलें प्रदर्शित और प्रबंधित कर सकते हैं। कोई फाइल चुनें और निम्न विकल्प एक्सेस करें :

| | |
|---|---|
| *एसएमएस रिंगर जैसे* | चयनित फाइल *संदेश रिंगर* के रूप में सेट करें। यह विकल्प *सेटिंग्स* > *ध्वनि* मीनू में सक्रिय किया जाना चाहिए (पृष्ठ 17 देखें)। |
| *रिंगर सेट करें* | चयनित ध्वनि संकेत ध्वनि के रूप में सेट करें। |

## मेमोरी की स्थिति

इस मीनू द्वारा आप अपने फोन में मेमोरी का उपलब्ध प्रतिशत प्रदर्शित कर सकते हैं। विभिन्न विषेषताएँ मेमोरी की क्षमता साझा करती हैं : चित्र, ध्वनियाँ, संदेश, फोनबुक और संगठक प्रविष्टियाँ, खेल, आदि।

मेमोरी की स्थिति जाँचने के लिए OK दबाएँ। प्रदर्शन आपको मेमोरी का मुक्त प्रतिशत और किलोबाइट्स (के.बी.) में फोन की कुल मेमोरी दिखाएगा। प्रत्येक विशेषता द्वारा उपयोग की जाने वाली मेमोरी की विस्तृत सूची देखने के लिए पुनः OK दबाएँ।

## एमपी3

इस मीनू द्वारा आप अपने मोबाइल फोन में रक्षित एमपी3 फाइलों की सूची प्रदर्शित और प्रबंधित कर सकते हैं। कोई फाइल चुनें और निम्न विकल्प एक्सेस करें :

| | |
|---|---|
| *बजाएं* | एमपी3 फाइल *बजाएं*। |
| *रिंगर सेट करें* | चयनित एमपी3 फाइल संकेत ध्वनि के रूप में सेट करें। |
| *एसएमएस रिंगर जैसे* | चयनित एमपी3 फाइल *संदेश रिंगर* के रूप में सेट करें। यह विकल्प *सेटिंग्स* > *ध्वनि* मीनू में सक्रिय किया जाना चाहिए (पृष्ठ 17 देखें)। |

## चित्र

इस मीनू द्वारा आप अपने मोबाइल फोन में रक्षित चित्र प्रदर्शित और संशोधित कर सकते हैं। कोई फाइल चुनें और निम्न विकल्प एक्सेस करें :

| | |
|---|---|
| *मिटाएं* | चयनित फाइल मिटाएँ। |
| *नाम बदलें* | फाइल नाम संपादित करें। |
| *वॉलपेपर जैसे सेट करें* | चयनित चित्र वॉलपेपर के रूप में सेट करें। |

# 9. एसटीके

## एसटीके

*इस मीनू के अंतर्गत संरचना और नाम आपके नेटवर्क ऑपरेटर द्वारा संरूपित और सिम कार्ड में रक्षित किए गए हैं। एसटीके प्रदाता के अनुसार सेवाएँ भिन्न हैं।*

यह मीनू मूल्य-वर्धित सेवाएँ प्रदान करता है जो ऑपरेटर के अनुसार भिन्न होंगी। विवरण के लिए कृपया अपने ऑपरेटर से पूछें। एसटीके समर्थित फोनों में एक अतिरिक्त एसटीके मीनू मौजूद होगा और इस मीनू की सामग्री सिम कार्ड द्वारा निर्दिष्ट विधि के अनुसार ही प्रस्तुत की जाएगी, जिसे बदला नहीं जा सकता। एसटीके के अनुसार इस मीनू के विकल्प भिन्न हो सकते हैं और संभवतः नेटवर्क ऑपरेटर द्वारा बदले जा सकते हैं।

# 10. सम्पर्क



सम्पर्क दो उपलब्ध फोनबुक्स में से किसी एक में रक्षित किए जाते हैं : सिम फोनबुक या फोन फोनबुक (आपके द्वारा रक्षित की जाने वाली प्रविष्टियों की संख्या कार्ड की क्षमता पर निर्भर करती है)। नए सम्पर्क जोड़ते हुए, सम्पर्क केवल आपके द्वारा चुनी गई फोनबुक में ही जोड़े जाएंगे।

## सेटिंग्स

इसके द्वारा आप सम्पर्क वरीयता सेट कर सकते हैं। *सेटिंग्स* का चयन करें और दबाएँ और निम्न सेट कर सकते हैं :

*सभी फोन संपर्क मिटाएं* — सभी सम्पर्क एकसाथ मिटाएँ। यह विकल्प केवल ऑनबोर्ड फोनबुक पर लागू होता है, सिम फोनबुक पर नहीं।

*संपर्क चुनें* — इसके द्वारा आप सिम/फोन मेमोरी में सम्पर्क एक्सेस कर सकते हैं।

*समूह सेटिंग* — इसके द्वारा आप अपने सम्पर्क संगठित कर सकते हैं ताकि आप सम्पर्कों के किसी समूह के साथ संकेत ध्वनियाँ जोड़ सकते हैं। आप सम्पर्कों के अधिकतम 20 समूह सेट कर सकते हैं। किसी समूह का नाम संपादित करने के लिए *नाम बदलें* का चयन करें और समूह के लिए संकेत ध्वनि नियत करने हेतु *स्वर* का चयन करें।

*फोन को कॉपी* — इसके द्वारा आप फोन मेमोरी में सिम मेमोरी के सभी सम्पर्कों की प्रतिलिपि बना सकते हैं।

## फोनबुक में सम्पर्क खोजना

1. इसके द्वारा आप फोनबुक में कोई सम्पर्क खोज सकते हैं। *नाम सूची* एक्सेस करने के लिए निष्क्रिय अवस्था में ▾ दबाएँ। फिर *<खोजना>* का चयन करें और दबाएँ। जो नाम या नंबर आप खोजना चाहते हैं वह प्रविष्ट करें और दबाएँ ; या
2. *नाम सूची* एक्सेस करने के लिए निष्क्रिय अवस्था में ▾ दबाएँ और सूची में से अपने सम्पर्क का चयन करने के लिए दबाएँ। जो अक्षर आप खोजना चाहते हैं उसकी सदृश कुन्जी दबाएँ (उदाहरण के लिए, अक्षर V एक्सेस करने के लिए कुन्जी को तीन बार दबाएँ)। सूची में इस अक्षर से आरंभ होने वाले प्रथम रिकॉर्ड का चयन किया जाएगा।

## नए सम्पर्क बनाना

पहले, संग्रहण स्थान चुनें (सिम या फोनबुक में) : *संपर्क* > *सेटिंग्स* > *संपर्क चुनें* प्रविष्ट करें।

फिर अपना नया सम्पर्क बनाएँ : *संपर्क* > *नाम सूची* प्रविष्ट करें और <*नया*> का चयन करें। सम्पर्क का नाम और फोन नंबर प्रविष्ट करें।

## सम्पर्क प्रबंधित करना

*नाम सूची* से कोई नाम चुनें और निम्न विकल्प एक्सेस करने के लिए दबाएँ :

- *बदलें*
- *कॉल हैण्ड्सफ्री*
- *चमक डायल*
- *फोन को कॉपी*
- *कॉल*
- *एसएमएस भेजें*
- *विवरण*
- *मिटाएं*

# चित्र एवं चिन्ह

निष्क्रिय अवस्था में, मुख्य स्क्रीन पर एक साथ कई चिन्ह प्रदर्शित किए जा सकते हैं।

*यदि नेटवर्क चिन्ह प्रदर्शित न किया जाए, तो उसका अर्थ यह है कि वर्तमान में नेटवर्क उपलब्ध नहीं है। आप किसी खराब प्राप्ति वाले क्षेत्र में हो सकते हैं; किसी अन्य स्थान पर जाना सहायक हो सकता है।*

*मौन* - कॉल प्राप्त होने पर आपका फोन नहीं बजेगा।

*कंपन* - इनकमिंग कॉल होने पर फोन कंपन करेगा।

*एसएमएस संदेश* - आपको नया संदेश प्राप्त हुआ है।

*बैटरी* - सूचक पट्टियाँ बैटरी का स्तर इंगित करती हैं (4 सूचक पट्टियाँ = पूर्ण, 1 सूचक पट्टी = कम)।

*अलार्म* सक्रिय किया गया।

*रोमिंग* - आपके अपने नेटवर्क के अलावा किसी अन्य नेटवर्क में आपका फोन पंजीकृत होने पर प्रदर्शित होता है (विशेषतः जब आप विदेश में हों)।

*एसएमएस पूर्ण* - संदेश मेमोरी पूर्ण हो चुकी है। नए संदेश प्राप्त करने के लिए पुराने संदेश मिटाएँ।

*जी एस एम नेटवर्क* : आपके फोन का संपर्क जीएसएम नेटवर्क से जुड़ा है।
*अभिग्रहण गुणवत्ता*: जितनी अधिक सूचक पट्टियाँ प्रदर्शित होंगी, उतनी बेहतर प्राप्ति होगी।

*मैमोरी पूर्ण* - फोन और सिम की मेमोरी पूर्ण हो चुकी हैं। नए आइटम रक्षित करने के लिए कुछ आइटम मिटाएँ।

*होम जोन* - आपके नेटवर्क प्रदाता द्वारा निर्दिष्ट क्षेत्र। सदस्यता पर निर्भर करता है, विवरण के लिए अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

# सावधानियाँ

## रेडियो तरंगें



आपका सेल्युलर मोबाइल फोन एक **कम ऊर्जा वाला रेडियो ट्रान्समीटर और रिसीवर** है। इसके प्रचालित होने पर, यह रेडियो तरंगें प्रेषित और प्राप्त करता है। रेडियो तरंगें आपके दूरभाष नेटवर्क से जुड़े एक बेस स्टेशन तक आपकी ध्वनि या डाटा संकेत वहन करती हैं। नेटवर्क फोन की संप्रेषण ऊर्जा को नियंत्रित करता है।

- आपका फोन जीएसएम फ्रीक्वेन्सी (900 / 1800 MHz) में रेडियो तरंगें प्रेषित/प्राप्त करता है।
- जीएसएम नेटवर्क संचारण ऊर्जा (0.01 से 2 वॉट्स) को नियंत्रित करता है।
- आपका फोन सभी संबद्ध सुरक्षा मानकों का पालन करता है।
- आपके फोन पर सीई का चिन्ह युरोपीय विद्युतचुम्बकीय संगतता (संदर्भ 89/336/ईईसी) और कम वोल्टेज निदेशों (संदर्भ 73/23/ईईसी) के प्रति अनुरूपता प्रदर्शित करता है।

आपका सेल्युलर मोबाइल फोन आपकी ज़िम्मेदारी है। अपने आप को, दूसरों या स्वयं फोन को क्षतिग्रस्त होने से बचाने के लिए, सभी सुरक्षा निर्देश पढ़ें और उनका पालन करें और अपना फोन मांगने वाले किसी भी व्यक्ति को उनकी जानकारी दें। इसके अतिरिक्त अपने फोन के अनाधिकृत उपयोग से बचने के लिए:



अपना फोन किसी सुरक्षित स्थान पर और छोटे बच्चों की पहुँच से दूर रखें।

अपना पिन कोड लिखने से बचें। बल्कि उसे याद रखने का प्रयास करें।

यदि आप फोन को लम्बे समय के लिए उपयोग किए बिना रखना चाहते हैं तो फोन बंद कर दें और बैटरी निकाल लें।

अपना फोन खरीदने के बाद और कॉल प्रतिबंध विकल्प सक्रिय करने के लिए अपना पिन कोड बदल लें।



आपके फोन का डिज़ाइन लागू होने वाले सभी नियम एवं कानूनों के अनुरूप है। हालाँकि आपका फोन अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ व्यवधान उत्पन्न कर सकता है। अतः आपको मूल स्थान और बाहर दोनों स्थानों पर अपने सेल्युलर फोन का उपयोग करते समय सभी **स्थानीय सुझावों और नियमों** का पालन करना होगा। **वाहनों और विमानों में सेल्युलर फोनों के उपयोग संबंधी नियम विशेष रूप से कड़े होते हैं।**

कुछ समय से सेल्युलर फोनों के उपयोगकर्ताओं के लिए स्वास्थ्य संबंधी संभावित खतरों पर लोगों का ध्यान केन्द्रित हुआ है। जीएसएम तकनीक सहित, रेडियो तरंग तकनीक में वर्तमान शोध का पुर्नावलोकन किया गया है और रेडियो तरंग की ऊर्जा के सम्पर्क से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा मानकों की रूपरेखा तैयार की गई है। आपका सेल्युलर टेलीफोन **लागू होने वाले सभी सुरक्षा मानकों** और रेडियो यन्त्र एवं दूरसंचार टर्मिनल यन्त्र निर्देश 1999/5/ईसी का पालन करता है।

## अपना फोन हमेशा बंद रखेंण्ण्ण

अपर्याप्त रूप से सुरक्षित या **संवेदनशील इलेक्ट्रॉनिक उपकरण** रेडियो ऊर्जा से प्रभावित हो सकते हैं। इस व्यावधान से दुर्घटनाएं हो सकती हैं।



किसी **विमान** में चढ़ने से पहले और/या अपने सामान में फोन को पैक करते समय: विमान में मोबाइल फोनों का उपयोग विमान के संचालन के लिए खतरनाक हो सकता है, मोबाइल फोनों के नेटवर्क में बाधा उत्पन्न कर सकता है और गैरकानूनी हो सकता है।



**अस्पतालों**, दवाखानों, अन्य स्वास्थ्य देखभाल केन्द्रों में और कहीं भी जहाँ आप **चिकित्सीय उपकरण** के बहुत निकट हों।



संभावित **विस्फोटक परिवेश** वाले क्षेत्रों में (उदाहरण के लिए पेट्रोल स्टेशनों और ऐसे क्षेत्रों में भी जहाँ हवा में धूल के कण, जैसे धातु चूर्ण शामिल हों)।

ज्वलनशील उत्पाद स्थानान्तरित करने वाले किसी वाहन में (चाहे वाहन खड़ा हो) या द्रवित पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) द्वारा चालित किसी वाहन में, पहले यह जाँचें कि वाहन लागू होने वाले सभी सुरक्षा नियमों के अनुरूप हो। ऐसे क्षेत्रों में भी जहाँ आपसे रेडियो संचार करने वाले यन्त्र बंद करने के लिए निवेदन किया जाए, जैसे खदानें या अन्य क्षेत्र जहाँ विस्फोट किए जा रहे हों।



वाहन के निर्माता से मालूम करें कि आपके वाहन में उपयोग किए गए **इलेक्ट्रॉनिक उपकरण** रेडियो ऊर्जा से प्रभावित न होते हों।

## पेसमेकर्स

यदि आपके पास एक **पेसमेकर** है:

- फोन चालू होने पर, संभावित व्यवधान से बचने के लिए, उसे हमेशा अपने पेसमेकर से 15 से.मी. से अधिक दूरी पर रखें।
- फोन को सामने की जेब में न रखें।
- संभावित व्यवधान को कम से कम करने के लिए पेसमेकर के विपरीत कान का उपयोग करें।
- यदि आपको संदेह हो कि व्यवधान हो रहा है तो अपना फोन बंद कर दें।

## श्रवण उपकरण

यदि आप किसी **श्रवण उपकरण** का उपयोग करते हैं, तो अपने चिकित्सक और श्रवण उपकरण निर्माता से यह जानने के लिए परामर्श लें कि क्या आपका विशिष्ट उपकरण सेल्युलर फोन के व्यवधान के प्रति संवेदनशील है या नहीं।

## निष्पादन में सुधार

**अपने फोन के निष्पादन में सुधार करने,** रेडियो ऊर्जा उत्सर्जन कम करने, **बैटरी की खपत कम करने और सुरक्षित प्रचालन सुनिश्चित करने के लिए निम्न निर्देशों का पालन करें:**



फोन के अनुकूलतम और संतोषजनक निष्पादन के लिए आपको सामान्य प्रचालन अवस्था में फोन का उपयोग करने का सुझाव दिया जाता है (हैंड्स-फ्री अवस्था में या किसी हैंड्स-फ्री सहायक उपकरण के साथ उपयोग में न होने पर)।

- अपने फोन को अत्यधिक तापमानों के सम्पर्क में न आने दें।
- फोन की देखभाल करें। किसी भी दुरोपयोग से अंतर्राष्ट्रीय गारंटी समाप्त हो जाएगी।
- फोन को किसी द्रव्य में न डुबाएँ; यदि आपका फोन गीला हो, तो उसे बंद करें, बैटरी निकालें और उसका पुनः उपयोग करने से पहले 24 घंटों के लिए सूखने दें।
- फोन को साफ करने के लिए, उसे किसी मुलायम कपड़े से पोंछें।
- कॉलें करने और प्राप्त करने में बैटरी की ऊर्जा एक समान खपत होती है। हालाँकि, एक स्थान पर रखे रहने पर निष्क्रिय स्क्रीन में मोबाइल कम ऊर्जा खपत करता है। निष्क्रिय स्क्रीन में होने पर और आपके द्वारा यात्रा करते हुए, आपके फोन में नेटवर्क को नवीनीकृत स्थान जानकारी प्रेषित करने के लिए ऊर्जा खपत होती है। बैकलाइट को छोटी समय अवधि के लिए सेट करना और मीनू में बिना कारण आगे-पीछे न जाना भी फोन के लम्बे

समय तक उपयोग और स्टैण्डबाई निष्पादनों के लिए बैटरी की ऊर्जा में बचत करेगा।

## बैटरी संबंधी जानकारी

- आपके फोन को एक पुनः चार्ज करने योग्य बैटरी द्वारा ऊर्जा प्रदान की जाती है।
- केवल निर्दिष्ट चार्जर ही उपयोग करें।
- जलाएँ नहीं।
- बैटरी को मोड़ें या खोलें नहीं।
- धातु की वस्तुओं (जैसे आपकी जेब में रखी चाबियाँ) को बैटरी के सम्पर्कों से शार्टसर्किट न करने दें।
- अत्यधिक गर्मी (60°से. या 140°एफ. से अधिक), नमी या ज्वलनशील परिवेशों के सम्पर्क से बचें।



आपको केवल फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण ही उपयोग करने चाहिए, क्योंकि किन्हीं अन्य सहायक उपकरणों का उपयोग आपके फोन के लिए हानिकारक और खतरनाक हो सकता है और, आपके फिलिप्स फोन के लिए सभी गारंटियों को रद्द एवं अमान्य कर देगा। किसी अनुचित प्रकार की बैटरी के उपयोग द्वारा भी विस्फोट हो सकता है।

यह सुनिश्चित करें कि क्षतिग्रस्त पुर्ज़े तुरन्त किसी योग्यता प्राप्त तकनीशियन द्वारा प्रतिस्थापित किए जाएँ और यह कि वे असली फिलिप्स प्रतिस्थापन पुर्ज़ों से बदले जाएँ।

## आपका मोबाइल फोन और आपकी गाड़ी



अध्ययन से पता चला है कि वाहन चलाते समय टेलीफोन पर बात करना एकाग्रता कम करता है, जो खतरनाक हो सकता है। निम्न दिशानिर्देशों का पालन करें:

- अपना पूरा ध्यान वाहन चलाने में लगाएँ। फोन का उपयोग करने से पहले सड़क के किनारे आएं और गाड़ी खड़ी करें।
- उन देशों के स्थानीय नियमों का पालन करें जहाँ आप वाहन चलाते हैं और अपने जीएसएम फोन का उपयोग करते हैं।
- यदि आप किसी वाहन में अपने फोन का उपयोग करना चाहते हैं, तो उस उद्देश्य के लिए बनाई गई हैंड्स-फ्री कार किट स्थापित करें।
- यह सुनिश्चित करें कि आपका फोन और कार किट आपकी कार में लगे किसी एयरबैग या अन्य सुरक्षा उपकरण को अवरुद्ध न करे।

कुछ देशों में सार्वजनिक सड़कों पर इन्कमिंग फोन कॉलें दर्शाने के लिए किसी वाहन की लाइट या हार्न संचालित करने के लिए किसी अलार्म तन्त्र का उपयोग वर्जित होता है। स्थानीय नियम देखें।

## ईएन 60950 नियम

गर्म मौसम की स्थिति में या लम्बे समय तक धूप में (जैसे किसी खिड़की या किसी शीशे के पीछे) रहने के बाद, , विशेषतः एक धातु की सज्जा होने पर, आपके फोन के आवरण का तापमान बढ़ सकता है। ऐसी स्थिति में अपना फोन उठाने में बहुत सावधानी बरतें और 40° से. से अधिक या 5° से. से कम परिवेशी तापमान में उसका उपयोग करने से भी बचें।

# पर्यावरण की देखभाल



अपनी पैकेजिंग सामग्री, पूर्णतः समाप्त बैटरियों और पुराने फोन के निपटान संबंधी स्थानीय नियमों का पालन करना याद रखें और कृपया पुनर्चक्रण को बढ़ावा दें।


फिलिप्स ने बैटरी और पैकेजिंग पर आपके अंतिम अवशेष के पुनर्चक्रण और उचित निपटान को बढ़ावा देने के लिए तैयार किए गए मानक चिन्ह लगाए हैं।

| | |
|---|---|
| | चिन्हित पैकेजिंग सामग्री पुनर्चक्रित की जा सकती है। |
| | संस्थागत राष्ट्रीय पैकेजिंग पुनः प्राप्ति और पुनर्चक्रण प्रणाली में एक वित्तीय योगदान किया गया है। |
| | प्लास्टिक सामग्री पुनर्चक्रित की जा सकती है (प्लास्टिक की किस्म भी पहचानी जाती है)। |

## डीएफयू में डब्ल्यूईईई चिन्हांकनः "उपभोक्ता के लिए जानकारी"

### *आपके पुराने उत्पाद का निपटान*

आपका उत्पाद उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री और घटकों सहित अभिकल्पित एवं निर्मित है, जिनका पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग किया जा सकता है।



जब यह कटा हुआ पहिएदार कूड़ेदान का चिन्ह किसी उत्पाद के साथ जोड़ा जाता है तो उसका अर्थ यह होता है कि वह उत्पाद यूरोपीय निदेश 2002/96/ईसी के अधीन है।

कृपया इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के लिए स्थानीय कृथक एकत्रीकरण प्रणाली के बारे में स्वयं जानकारी प्राप्त करें।

कृपया अपने स्थानीय नियमों के अनुसार कार्य करें और अपने सामान्य घरेलू अवशेष के साथ अपने पुराने उत्पादों का निपटान न करें। आपके पुराने उत्पाद का उचित निपटान पर्यावरण और मानवीय स्वास्थ्य के लिए संभावित नकारात्मक परिणामों से बचने में सहायता करेगा।

# चार्जर और सहायक उपकरण

सावधान : इस मोबाइल फोन के साथ उपयोग करने से पहले कृपया चार्जर का मॉडल जाँच लें। यह मोबाइल फोन डीएसए-5डब्ल्यू-05 सीरीज़ के चार्जर द्वारा ऊर्जा प्रदान किए जाने पर ही उपयोग के लिए अभीष्ट है।

चेतावनी : किसी विशिष्ट मॉडल के साथ केवल डी वैन एन्टरप्राइज़ कं., लिमिटिड द्वारा स्वीकृत बैटरियों, चार्जरों और सहायक उपकरणों का ही उपयोग करें। किसी अन्य प्रकार की बैटरियों, चार्जरों और सहायक उपकरणों का उपयोग स्वीकृति या वारंटी को अमान्य कर देगा और यह खतरनाक हो सकता है। स्वीकृत सहायक उपकरणों की उपलब्धता के लिए कृपया अपने डीलर से पूछें। किसी सहायक उपकरण की तार निकालने के लिए कृपया प्लग को पकड़ें और खींचें, तार को नहीं। सावधान, बैटरी को किसी अनुचित प्रकार की बैटरी से बदलने पर विस्फोट का खतरा है।

# दोष-निवारण

### *फोन चालू नहीं होता*
बैटरी को निकालें/पुनः स्थापित करें। फिर बैटरी चिन्ह का स्क्रॉल करना समाप्त होने तक फोन को चार्ज करें। चार्जर से हटाएँ और फोन चालू करने का प्रयास करें।

### *आपका फोन निष्क्रिय स्क्रीन पर वापस नहीं जाता*
फोन काटने की कुन्जी को देर तक दबाकर रखें या फोन बंद कर दें, यह जाँचें कि सिम कार्ड और बैटरी सही प्रकार स्थापित किए गए हों और उसे पुनः चालू करें।

### *नेटवर्क चिन्ह प्रदर्शित नहीं होता*
नेटवर्क सम्पर्क समाप्त हो गया है। आप या तो किसी रेडियो प्रभाव में हैं (किसी सुरंग या ऊँची इमारतों के बीच) या आप नेटवर्क आवरण क्षेत्र से बाहर हैं। किसी अन्य स्थान से प्रयास करें, नेटवर्क से पुनः सम्पर्क स्थापित करने का प्रयास करें (विशेषतः जब विदेश में हों), यदि आपके मोबाइल फोन में बाहरी एन्टिना है तो यह जाँच लें कि एन्टिना सही स्थान पर हो, या सहायता/जानकारी के लिए अपने नेटवर्क ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### *कुन्जियों के दबने पर प्रदर्शन प्रतिक्रिया नहीं करता (या प्रदर्शन धीरे-धीरे प्रतिक्रिया करता है)*
प्रदर्शन बहुत कम तापमानों पर काफी धीरे प्रतिक्रिया करता है। यह सामान्य है और फोन के प्रचालन को प्रभावित नहीं करता। फोन को एक गर्म स्थान के निकट ले जाएँ और पुनः प्रयास करें। अन्य मामलों में, कृपया अपने फोन प्रदाता से सम्पर्क करें।

### *आपकी बैटरी अधिक गर्म होती हुई लगती है*
संभवतः आप किसी ऐसे चार्जर का प्रयोग कर रहे हैं जो आपके फोन के लिए अभीष्ट नहीं है। यह सुनिश्चित करें कि आप हमेशा अपने फोन के साथ प्रदान किए गए फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण का ही उपयोग करें।

### *आपका फोन इनकमिंग कॉलों के फोन नंबर प्रदर्शित नहीं करता*
यह विशेषता नेटवर्क और सदस्यता पर निर्भर करती है। नेटवर्क द्वारा कॉलकर्ता का नम्बर प्रेषित न करने पर, फोन *कॉल 1* या *अस्वीकृत* प्रदर्शित करेगा। इस विषय में विस्तृत जानकारी के लिए अपने ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### *आप पाठ्य संदेश नहीं भेज पा रहे*
कुछ नेटवर्क्स में अन्य नेटवर्क्स के साथ संदेशों का आदान-प्रदान समर्थित नहीं होता। पहले यह जाँच लें कि आपने अपने एसएमएस केन्द्र का नम्बर दर्ज किया है, या अधिक जानकारी के लिए अपने ऑपरेटर से संपर्क करें।

### *आपको ऐसा लगता है कि आपसे कुछ कॉलें छूट जाती हैं*
अपने कॉल अंतरण विकल्प जाँच लें।

### *प्रदर्शन दिखाता है सिम प्रविष्ट करें*
यह जाँच लें कि सिम कार्ड सही स्थान पर लगाया गया हो। यदि समस्या बनी रहे, तो संभव है आपका सिम कार्ड क्षतिग्रस्त हो। अपने ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### *मीनू की किसी विशेषता का उपयोग करने पर, मोबाइल अनुमति नहीं प्रदर्शित करता है*
कुछ लक्षण नेटवर्क और सदस्यता पर निर्भर करते हैं। अतः, वे केवल नेटवर्क या आपकी सदस्यता द्वारा समर्थित होने पर ही उपलब्ध होते हैं। इस विषय में अधिक जानकारी के लिए अपने नेटवर्क ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### *आपका फोन चार्ज नहीं हो रहा*
यदि आपकी बैटरी पूर्णतः खाली हो, तो स्क्रीन पर चार्जिंग आइकन प्रदर्शित होने से तक चार्ज से पूर्व कई मिनट (कुछ मामलों में 5 मिनट तक) लग सकते हैं।

# फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण

कुछ सहायक उपकरण, जैसे एक बैटरी और एक चार्जर, मानक सहायक उपकरणों के तौर पर आपके मोबाइल फोन के पैकेज में शामिल होते हैं। अन्य सहायक उपकरण भी प्रदान किए जा सकते हैं या अलग से बेचे जा सकते हैं। अतः पैकेज में शामिल वस्तुएँ भिन्न हो सकती हैं।

*अपने फिलिप्स मोबाइल फोन के प्रदर्शन का अधिकतम लाभ प्राप्त करने और वारंटी रद्द न करने हेतु, हमेशा फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण ही खरीदें जो विशेष रूप से आपके फोन के साथ उपयोग करने हेतु तैयार किए जाते हैं। गैर-प्रामाणिक सहायक उपकरणों के उपयोग द्वारा होने वाली किसी भी क्षति के लिए फिलिप्स कन्ज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स को ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।*

## चार्जर

किसी भी एसी आउटलेट में आपकी बैटरी को चार्ज करता है। किसी ब्रीफकेस/हैंडबैग में ले जाने हेतु पर्याप्त छोटा है।

## हेडसेट

आपके द्वारा हेडसेट लगाने पर आपका फोन स्वचालित रूप से हेडसेट मोड सक्रिय कर देगा।

# ट्रेडमार्क घोषणा

टेजिक यूरो पेटेंट
एप्लि. 0842463

T9® टेजिक कम्युनिकेशन्स इंक. का एक ट्रेडमार्क है।

# विशिष्ट अवशोषण दर जानकारी
## अंतर्राष्ट्रीय मानक

**यह मोबाइल फोन रेडियो तरंगों के प्रदर्शन की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।**

आपका मोबाइल फोन एक रेडियो प्रसारक एवं प्राप्तकर्ता है। यह अंतर्राष्ट्रीय मानकों द्वारा निर्धारित रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) ऊर्जा के सम्पर्क में आने के लिए संस्तुत सीमाओं के भीतर रहने के लिए अभिकल्पित एवं निर्मित है। ये सुझाव इन्टरनेशनल कमीशन ऑन नॉन-आयोनाइज़िंग रेडियेशन प्रोटेक्शन (आईसीएनआईआरपी) और, इंस्टिट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स (आईईई) द्वारा स्थापित किए गए हैं जो आयु एवं स्वास्थ्य पर ध्यान दिए बिना, सभी व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा गुंजाइश का पूर्वानुमान लगाते हैं।

मोबाइल फोन के लिए प्रदर्शन मानक में विशिष्ट अवशोषण दर अथवा (एसएआर) के रूप में ज्ञात माप-इकाई का प्रयोग होता है। आम जनता द्वारा प्रयुक्त मोबाइल फोनों के लिए आईसीएनआईआरपी द्वारा सुझावित एसएआर सीमा **ऊत्तक के प्रति दस ग्राम के लिए औसतन 2.0 वा./कि.ग्रा.** है, और, सिर के लिए आईईई मानक 1528 के अनुसार **ऊत्तक के प्रति एक ग्राम के लिए औसतन 1,6 वा./कि.ग्रा.** है।

एसएआर के परीक्षण ऐसी मानक प्रचालन स्थितियों में किए जाते हैं, जहाँ फोन अपने सर्वोच्च प्रमाणिक ऊर्जा स्तर पर सभी परीक्षित फ्रीक्वेंसी बैंडों में संप्रेषण कर रहा होता है। हालाँकि एसएआर सर्वोच्च प्रमाणित ऊर्जा स्तर पर निर्धारित की गई है, पर प्रचालन के समय मोबाइल फोन के वास्तविक एसएआर स्तर सामान्यतः अधिकतम एसएआर मान से कम होते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि फोन ऊर्जा के अनेक स्तरों पर प्रचालन के लिए अभिकल्पित है ताकि केवल नेटवक तक पहुँचने के लिए ज़रूरी ऊर्जा का प्रयोग हो। सामान्यतः, आप किसी बेस स्टेशन एन्टिना के जितने निकट होंगे, ऊर्जा का निर्गम उतना ही कम होगा।

यद्यपि विभिन्न फोनों के एसएआर स्तरों और विभिन्न अवस्थाओं में एसएआर स्तरों में अंतर हो सकता है, वे सभी रेडियो तरंगों के सम्पर्क में आने के अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों की पूर्ति करते हैं।

मानक के विरुद्ध अनुरूपता हेतु परीक्षण करने पर इस फिलिप्स ज़ीनियम 9@9z के लिए उच्चतम एसएआर दर आईसीएनआईआरपी के सुझावों के अनुसार 0,507 वा./कि.ग्रा. और आईईई मानक 1528 के अनुसार 0,762 वा./कि.ग्रा. थी।

रेडियो तरंगों से सम्पर्क सीमित करने हेतु, मोबाइल फोन की कॉल अवधि कम करने या एक हेडसेट का उपयोग करने का सुझाव दिया जाता है। इन सावधानियों का उद्देश्य मोबाइल फोन को सिर एवं शरीर से दूर रखना है।

# सीमित वारंटी

1. इस सीमित वारंटी में क्या शामिल है?

फिलिप्स मूल फुटकर क्रेता (''उपभोक्ता'' या ''आप'') को वारंटी देता है कि फिलिप्स द्वारा मूल रूप से बिक्री पैकेज (''उत्पाद'') में प्रदान किया गया यह फिलिप्स सेल्युलर उत्पाद और सभी सहायक उपकरण निम्नलिखित शर्तों और स्थितियों के अधीन और उपयोग संबंधी निर्देशों के साधारण प्रयोग हेतु सामान, अभिकल्पना और कारीगरी की खराबी से मुक्त है। यह सीमित वारंटी उपभोक्ता को केवल क्रय के मूल देश में खरीदे गए और प्रयोग किए जा रहे उत्पादों के लिए प्रदान की जाएगी। सीमित वारंटी केवल फिलिप्स द्वारा उत्पाद की बिक्री हेतु अभिप्रेत देश में ही मान्य है।

2. सीमित वारंटी की अवधि कितनी है?

उत्पाद के लिए सीमित वारंटी की अवधि उत्पाद की खरीद की तिथि से, खरीद के वैध प्रमाण द्वारा प्रलेखित, एक (1) साल के लिए प्रभावी है। पुनः चार्ज करने योग्य असली फिलिप्स बैटरी की सीमित वारंटी खरीद की तिथि से छः (6) महीने तक प्रभावी है।

3. सीमित वारंटी की अवधि के दौरान उत्पाद के सामान और कारीगरी में भौतिक त्रुटियों से मुक्त न होने पर फिलिप्स क्या करेगा?

सीमित वारंटी की अवधि के दौरान, फिलिप्स के विकल्प पर फिलिप्स या उसका अधिकृत सेवा प्रतिनिधि किसी खराब उत्पाद को, पुर्ज़ों या श्रम हेतु शुल्क लिए बिना, ठीक करेगा या नए या पुनर्निर्मित पुर्ज़ों या उत्पाद से बदलेगा और ऐसा ठीक किया गया उत्पाद चालू हालत में उपभोक्ता को लौटाएगा। फिलिप्स खराब पुर्ज़े, घटक या यन्त्र रख लेगा।

ठीक किया गया या बदला गया उत्पाद इस सीमित वारंटी द्वारा मूल सीमित वारंटी की अवधि के शेष बचे समय या ठीक करने या बदले जाने की तिथि से नब्बे (90) दिनों, जो भी अधिक हो, के लिए शामिल किया जाएगा। फिलिप्स के विकल्प पर, उत्पाद की मरम्मत या प्रतिस्थापन आपके लिए विशिष्ट सुविधा है।

4. इस सीमित वारंटी में क्या शामिल नहीं है?

इस सीमित वारंटी में निम्नलिखित शामिल नहीं है:

a) दुरुपयोग, दुर्घटना, परिवहन या अन्य भौतिक क्षति, अनुचित स्थापना, असामान्य प्रचालन प्रबंधन, अनदेखी, बाढ़, आग, जल या अन्य तरल पदार्थ का प्रवेश; या
b) फिलिप्स द्वारा किसी अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा की गई मरम्मत, बदलाव, या परिवर्तन के कारण क्षतिग्रस्त उत्पाद; या
c) उत्पाद जिसमें सिग्नल स्थितियों, नेटवर्क विश्वस्नीयता या तार या एन्टिना तन्त्रों के कारण प्राप्ति या प्रचालन समस्याएं हों; या
d) गैर-फिलिप्स उत्पादों या सहायक उपकरणों के साथ प्रयोग द्वारा उत्पन्न उत्पाद त्रुटियाँ या समस्याएं; या
e) उत्पाद जिससे वारंटी/गुणवत्ता स्टिकर, उत्पाद क्रम संख्या या इलेक्ट्रॉनिक क्रम संख्या हटाई, बदली या पढ़ने योग्य न छोड़ी गई हो; या
f) क्रय के मूल देश के बाहर उत्पाद का खरीदा जाना, प्रयोग होना, जाँचा जाना, या मरम्मत हेतु लाया जाना, या व्यावसायिक या संस्थागत उद्देश्यों (किराए के लिए दिए गए उत्पाद शामिल पर सीमित नहीं) के लिए प्रयोग होना; या
g) उत्पाद जो खरीदारी के वैध प्रमाण के बिना लौटाया गया या जिसका खरीदारी का प्रमाण बदला गया हो या पढ़ने योग्य न हो।
h) साधारण टूट-फूट या बलपूर्वक तोड़ना।

5. आप वारंटी सेवा कैसे प्राप्त कर सकते हैं?

a) उत्पाद को फिलिप्स के एक अधिकृत सेवा केन्द्र में लौटाएँ। आप निकटतम अधिकृत सेवा केन्द्र के स्थान के लिए स्थानीय फिलिप्स कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।
b) फिलिप्स को देने से पहले उत्पाद से सिम कार्ड निकाला जाना चाहिए। फिलिप्स सिम कार्ड या उसमें रक्षित डाटा की क्षति या नुक्सान की कोई ज़िम्मेदारी नहीं लेगा।
c) यदि उत्पाद की विफलता इस सीमित वारंटी में शामिल नहीं की जाती, या यह सीमित वारंटी यहाँ दिए गए नियम एवं शर्तों के कारण लागू नहीं होती, अमान्य या अवैध है, तो उपभोक्ता से उत्पाद की मरम्मत या बदले जाने और मरम्मत या प्रतिस्थापन संबंधी अन्य सभी शुल्क लिया जाएगा।
d) **महत्वपूर्ण** - आपके लिए उत्पाद को खरीद के एक वैध प्रमाण के साथ लौटाना आवश्यक है जो स्पष्ट रूप से खरीद के स्थान, खरीद की तिथि, उत्पाद के मॉडल और उत्पाद की क्रम संख्या की पहचान करेगा।

6. अन्य शर्तः यह वारंटी एक सम्पूर्ण समझौता है।

**ऊपर पहले ही स्पष्ट की गई वारंटियों के अलावा और जो कानून द्वारा सांकेतिक हैं और जो समझौते द्वारा व्यक्त नहीं की जा सकतीं और न ही परिवर्तित की जा सकती हैं, फिलिप्स कोई अन्य वारंटी, चाहे वह स्पष्ट या सांकेतिक हो, उपलब्ध नहीं करती (चाहे कानून, कानून की प्रक्रिया के अधीन या अन्यथा) और विशेष रूप से किसी खास उद्देश्य के लिए यथेष्ट गुणवत्ता की कोई वारंटी व्यापारिकता या उपयुक्तता का बेदावा करती हैं।**
**फिलिप्स की कुल ज़िम्मेदारी उत्पाद से या उसकी खरीदारी या उपयोग से उत्पन्न होने वाले नुक्सानों से संबंधित, ऐसे नुक्सान के प्रकार और कारण पर ध्यान दिए बिना या निश्चित दावे के प्रकार या चित्रांकन (जैसे समझौता या टोपिट), उत्पाद के भुगतान के असली खरीद मूल्य से अधिक नहीं होगी।**

**हालांकि किसी भी परिस्थिति में फिलिप्स किसी भी दण्डात्मक, विशेष, प्रासंगिक, अप्रत्यक्ष या परिणामस्वरूप क्षतियों (पर प्रयोग की क्षति, समय के नुक्सान, असुविधा, व्यावसायिक क्षति, मनुाफों में हानि, व्यापारिक अवसरों की हानि, सामान या सेवाओं के प्रतिस्थान का मूल्य, निवेशों, सुनाम या यश की क्षति, या आंकड़ों के नुक्सान और तीसरे पक्षों के दावों को शामिल करते हुए) उत्पाद की खरीद या प्रयोग से उत्पन्न होने वाले, कानून द्वारा पूर्ण सीमा तक अनुमति, चाहे फिलिप्स को ऐसी क्षतियों की संभावना पर सलाह दी गई हो या नहीं। ये परिसीमाएं किसी सीमित उपाय के आवश्यक उद्देश्य की असफलता के बावजूद लागू होंगी।**

यह सीमित वारंटी उपभोक्ता और फिलिप्स के बीच इस सेल्युलर उत्पाद के संदर्भ में एक सम्पूर्ण एवं विशिष्ट समझौता प्रस्तुत करती है और पक्षों के बीच पिछले सभी समझौतों, मौखिक या लिखित, और पक्षों के बीच इस सीमित वारंटी की विषय-वस्तु से संबंधित अन्य सभी सूचनाओं को बर्खास्त करती है। उसमें कोई वाहक, विक्रेता, एजेन्ट, डीलर, कर्मचारी, या फिलिप्स का कर्मचारी इस सीमित वारंटी में परिवर्तन करने हेतु अधिकृत नहीं है और आपको ऐसे किसी प्रस्ताव पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

यह सीमित वारंटी मान्य राष्ट्रीय कानूनों के अन्तर्गत उपभोक्ता के वैधानिक अधिकारों को प्रभावित नहीं करती।

# अनुरूपता कथन

हम,
**शेन्ज़ेन सैंग फी कन्ज़्यूमर**
**कम्युनिकेशन्स कं., लिमिटेड**
**11 साइंस एण्ड टेकनोलॉजी रोड,**
**शेन्ज़ेन हाई-टेक इंडस्ट्रीयल पार्क,**
**नैनशैन डिस्ट्रिक्ट, शेन्ज़ेन** 518057,
**चीन**

अपनी एकमात्र ज़िम्मेदारी के अंतर्गत घोषणा करते हैं कि उत्पाद

**फिलिप्स 9@9z**
सेल्युलर मोबाइल रेडियो जीएसएम 900/1800
टीएसी: 35749701

जिससे यह घोषणा संबंधित है, निम्न मानकों के अनुरूप है:

**सुरक्षा: ईएन 60950-1:2001**
**स्वास्थ्य: ईएन 50360-2001; ईएन 50361-2001**
**ईएमसी: ईएन 301 489-1 V1.6.1; ईएन 301 489-7 V1.3.1**
**रेडियो : ईएन 301 511 v 9.0.2**

हम एतद्द्वारा घोषणा करते हैं कि सभी अनिवार्य रेडियो परीक्षण सुइट चलाए गए हैं और यह कि उपरोक्त उत्पाद डायरेक्टिव 1999/5/ईसी की सभी मूल आवश्यकताओं के अनुरूप है।

निम्न सूचित प्राधिकरण की भागीदारी सहित डायरेक्टिव 1999/5/ईसी की धारा 10 में निर्दिष्ट और संयोजन V में वर्णित अनुरूपता मूल्यांकन प्रक्रिया की धारा 3.1 एवं 3.2 के संबंध में पालन किया गया है: CETECOM ICT Services GmbH, Untertürkheimer Straße 6-10, 66117 Saarbrücken, Germany
पहचान चिन्ह: **0682**

अगस्त 7, 2007

क्वालिटी मैनेजर